इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






वर्ष- 44 | अंक - 224 | राजनांदगांव, बुधवार 02 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## मोदी सरकार ने कई योजनाओं को दी मंजूरी: रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर लगी मुहर

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है।



### रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना

सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत 1.07 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसका विशेष फोकस निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र पर रहेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस बारे में जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए 3,000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जाएगी।यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन 1 लाख रुपए प्रतिमाह तक है। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा।

### शोध और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़

सरकार ने देश में शोध, नवाचार और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए बड़े फैसले लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को जानकारी दी कि केंद्रीय कैबिनेट ने रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत देश में शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।

## जून 2025 में जीएसटी कलेक्शन 6.2 प्रतिशत बढ़ा, 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक पर पहुंचा आंकड़ा

नई दिल्ली। जून महीने में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलावर को सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। एक साल पहले यह 1.73 लाख करोड़ रुपये था।




### अप्रैल में जीएसटी संग्रह ने रिकॉर्ड स्तर को छूआ

पिछले महीने जीएसटी संग्रह 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर को छू गया।

### आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़ा

जून में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.6 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया। साथ ही, आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये हो गया।

### केंद्रीय और राजस्व जीएसटी राजस्व

जून में सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व 34,558 करोड़ रुपये रहा। वहीं, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी लगभग 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा। सेस से प्राप्त राजस्व 13,491 करोड़ रुपये रहा। सेस यानी उपकर एक अतिरिक्त कर है जो किसी विशेष उद्देश्य के लिए लगाया जाता है, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, या किसी विशेष परियोजना के लिए।


### राहुल गांधी का मोदी सरकार पर तंज, बोले- आर्थिक अन्याय का हथियार बनी जीएसटी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## प्रति व्यक्ति ऋण बढ़कर 4.80 लाख रुपये हुआ, होम लोन और गैर-आवासीय उधारी में तेज इजाफा

नई दिल्ली। भारत में व्यक्तिगत उधारकर्ताओं का औसत ऋण बोझ बीते दो वर्षों में तेजी से बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2023 में जहां प्रति व्यक्ति औसत ऋण 3.9 रुपये लाख था, वो मार्च 2025 तक बढ़कर 4.8 लाख रुपये पर पहुंच गया है।




### प्रति व्यक्ति ऋण कैसे निकाले?

प्रति व्यक्ति ऋण, सरकार के कुल ऋण का एक माप है, जो यह दर्शाता है कि प्रत्येक नागरिक पर कितना कर्ज बकाया है।

प्रति व्यक्ति ऋण = कुल ऋण/ जनसंख्या

ऋण स्तर में यह वृद्धि मुख्य रूप से उच्च रेटिंग वाले उधारकर्ताओं के कारण हुई है। साथ ही, आवास ऋण में तेजी से इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल घरेलू ऋण का लगभग 29 प्रतिशत हिस्सा गृह ऋण (होम लोन) से जुड़ा है। हालांकि, आवास ऋणों में वृद्धि समग्र रूप से स्थिर बनी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि नई लोन लेने वालों की तुलना में पुराने उधारकर्ता औसतन एक-तिहाई अधिक राशि का ऋण ले रहे हैं। हाल के वर्षों में भारत का घरेलू ऋण लगातार बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण वित्तीय क्षेत्र से उधारी में वृद्धि है। रिपोर्ट में लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) अनुपात का बढ़ना वित्तीय स्थिरता के लिए चिंता का विषय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इंडस्ट्री डायलॉग-2 में छत्तीसगढ़ को मिले 1.25 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, उद्योगों को लुभा रहा राज्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ अब सिर्फ खदानों और जंगलों का राज्य नहीं रहा, यह अब उम्मीदों और अवसरों की ज़मीन बन गया है। रायपुर में हुए 'इंडस्ट्री डायलॉग 2' में जब निवेशकों ने 1.25 लाख करोड़ के नए प्रस्तावों पर हामी भरी, तो यह साफ हो गया कि देश के औद्योगिक भविष्य में छत्तीसगढ़ की भूमिका बेहद अहम हो गई है।




कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब सिर्फ खनिजों की धरती नहीं, संभावनाओं की भूमि है। हम बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रहे हैं। आज निवेशकों को स्थायित्व, सुरक्षा और तेज फैसले मिल रहे हैं। यही वजह है कि निवेशकों का रुझान न केवल शहरी क्षेत्रों, बल्कि बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी अंचलों की ओर भी बढ़ा है।

छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे तेज़ी से उभरते औद्योगिक गंतव्यों में शामिल हो चुका है। बीते डेढ़ वर्षों में राज्य को जहां 5.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, वहीं आज रायपुर में आयोजित इंडस्ट्री डायलॉग 2 कार्यक्रम ने यह साफ कर दिया कि छत्तीसगढ़ निवेशकों का नया भरोसेमंद ठिकाना बन गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में हुए इस आयोजन में रु. 1.25 लाख करोड़ रुपये के नए निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी। यह निवेश अब केवल पारंपरिक खनन क्षेत्रों तक सीमित नहीं, बल्कि आईटी, सेमीकंडक्टर, हेल्थकेयर, ग्रीन एनर्जी और लॉजिस्टिक्स जैसे भविष्य के सेक्टरों में केंद्रित है। राज्य सरकार द्वारा लागू नई औद्योगिक नीति 2025 ने छत्तीसगढ़ को निवेश का स्वाभाविक गंतव्य बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। नीति में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0, 350 से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कांग्रेस सरकार बनी तो आरएसएस पर लगेगा बैन: मंत्री प्रियांक खड़गे ने बयान से सियासी घमासान

नई दिल्ली। कर्नाटक सरकार के मंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने सोमवार को विवादास्पद बयान देकर सियासी हलकों में नई बहस छेड़ दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस केंद्र की सत्ता में आई तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को देशभर में बैन किया जाएगा। प्रियांक खड़गे ने आरएसएस को नफरत फैलाने वाला संगठन बताया है। कहा, संघ के लोग संविधान बदलने की बात करते हैं। ऐसे संगठन की कोई जगह लोकतांत्रिक भारत में नहीं होनी चाहिए।



### क्या बोले प्रियांक खड़गे?

प्रियांक खड़गे ने कहा कि आरएसएस समाज में नफरत और विभाजन की राजनीति कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आरएसएस बेरोजगारी, महंगाई, आतंकी हमलों जैसे मुद्दों पर भाजपा से सवाल क्यों नहीं पूछता? यह संगठन केवल सांप्रदायिक जहर फैला रहा है। प्रियांक खड़गे ने आरोप लगाया कि संघ के पास पैसा कहां से आता है, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस आरएसएस को कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रतिबंधित करेगी।

### तेजस्वी सूर्या को दिया जवाब

बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या द्वारा कांग्रेस पर निशाना साधने के बाद प्रियांक ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर जवाब देते हुए बीजेपी नेतृत्व पर सवाल उठाए। कहा, बीजेपी का हाईकमान कौन है, यह बात उसके कार्यकर्ताओं को भी नहीं (शेष पृष्ठ 6 पर...)






## सुप्रीम कोर्ट में लागू हुई एससी-एसटी आरक्षण नीति, कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रमोशन को लेकर बड़ा कदम

नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च अदालत में पहली बार कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रोन्नति में आरक्षण नीति लागू हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में 24 जून को सर्कुलर जारी कर शीर्ष अदालत के सभी कर्मचारियों को सूचित किया है। कोर्ट ने आरक्षण नीति लागू करते हुए माडल रिजर्वेशन रोस्टर जारी किया है।



सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी एसटी) को आरक्षण का लाभ देने के लिए 200 प्वाइंट की रोस्टर प्रणाली लागू की गई है। यह रोस्टर गत 23 जून को जारी किया गया। यह पहला मौका है जबकि सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों में आरक्षण नीति लागू हुई है। वैसे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति में किसी तरह का आरक्षण लागू नहीं होता है लेकिन फिर भी उनकी नियुक्ति में हर वर्ग और हर क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा जाता है।

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की नियुक्ति में तो आरक्षण नहीं ही लागू था, लेकिन कर्मचारियों की भर्ती में भी अभी तक आरक्षण लागू नहीं था। केंद्र सरकार ने सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू करने के लिए दो जुलाई 1997 को आदेश जारी किया था और अब उसके करीब 28 सालों के बाद सुप्रीम कोर्ट में कर्मचारियों की सीधी भर्ती और प्रोन्नति में आरक्षण लागू हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के औपचारिक रूप से 23 जून से आरक्षण नीति लागू की गई है। 23 जून को रजिस्ट्रार प्रदीप वाई. लाडेकर की ओर से जारी रोस्टर में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 15 फीसदी और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 7.5 फीसद आरक्षण का रोस्टर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में 24 जून को जारी सर्कुलर में सभी कर्मचारियों को इसके बारे में सूचित किया है। सर्कुलर में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के अनुसार सभी संबंधित लोगों को जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रम्प बोले-सब्सिडी बंद की तो मस्क को अफ्रीका लौटना पड़ेगा: दुकान बंद हो जाएगी, फिर न कार बनेगी, न सैटेलाइट लॉन्च होंगे

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क पर तंज कसा। उन्होंने कहा- अगर मस्क को मिलने वाली सब्सिडी बंद हो जाए, तो उनको अपनी दुकान (कंपनी) बंद करके दक्षिण अफ्रीका लौटना पड़ेगा।



ट्रम्प के कहा कि सब्सिडी बंद होने से न तो टेस्ला इलेक्ट्रिक कार का प्रोडक्शन कर पाएगी, न ही स्पेसएक्स के रॉकेट, सैटेलाइट लॉन्च होंगे।

ट्रम्प ने दावा किया कि मस्क को सरकारी सब्सिडी के तौर पर इतना पैसा मिला है, जितना शायद किसी और को नहीं मिला। उन्होंने सुझाव दिया कि DoGE इस मामले की डिटेल जांच करे। इससे देश का पैसा बचेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- मस्क को राष्ट्रपति पद के लिए मेरा समर्थन करने से बहुत पहले ही पता था कि मैं EV मैंडेट के खिलाफ हूं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां अच्छी हैं, लेकिन हर इंसान को इन्हें खरीदने के लिए मजबूर करना गलत है।

### मस्क ने ट्रम्प के बिल को पागलपन बताया था

दरअसल, इलॉन मस्क ने शनिवार को ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल की एक बार फिर से आलोचना की थी। मस्क ने शनिवार को एक्स पर लिखा था- ट्रम्प का यह बिल अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। मस्क ने कहा, यह पूरी तरह पागलपन से भरा और विनाशकारी है। यह कानून पुराने उद्योगों को रियायत देता है, लेकिन भविष्य के उद्योगों को तबाह कर देगा। मस्क ने पिछले महीने इस बिल को लेकर ट्रम्प प्रशासन में गवर्नमेंट एफिशिएंसी विभाग के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था। अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल को चर्चा के लिए मंजूरी दे दी है। शनिवार देर रात हुई वोटिंग में सीनेट ने 51-49 वोटों के अंतर से एक प्रस्ताव पारित किया, जिससे सदन को बिल पर बहस शुरू करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राजस्थान के अलवर में सड़कें डूबीं, हिमाचल में 11 जगह बादल फटा, 5 की मौत, गंगा-यमुना में बाढ़



नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ/ कुल्लू। देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसूनी बारिश जारी है। राजस्थान के अलवर में सोमवार को भारी बारिश के चलते सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा-यमुना में बाढ़ जैसे हालात हैं। घाट की तरफ 500 मीटर आगे तक पानी भर गया है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी में पिछले 24 घंटे में 11 जगह बादल फटा। बाढ़ और लैंडस्लाइड से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है, 16 लोग लापता हैं। उत्तराखंड में सोमवार को कोटद्वार-बद्रीनाथ मार्ग पर सतपुली के पास लैंडस्लाइड की वजह से पौड़ी-मेरठ नेशनल हाईवे बंद हो गया। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण यमुनोत्री हाईवे बंद हो गया है।






## 265 मिलियन डालर का रिश्वत काण्ड: गौतम और सागर अडानी को अभी तक समंस तामिल नहीं हुआ - एसईसी

अमदाबाद (सं.न्यू.) युएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एस.ई.सी.) ने न्यूयार्क की एक कोर्ट में किए गए फाइलिंग से जानकारी मिली है कि पिछले साल दाखिल किए गए सिविल सिक्योरिटीज केस में भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी को समंस और अन्य कानूनी दस्तावेजो की तामिली अभी तक नहीं हुई है। एस.ई.सी. ने 27 जून को न्यूयार्क की इस्टर्न डिस्ट्रीक्ट कोर्ट के मजिस्ट्रेट जज जेम्स आर चोने लिखे एक पत्र में बताया था कि हेंग सर्विस कन्वेशन के प्रावधान अनुसार कि एस.ई.सी. इस समंस की तामिली गौतम अडानी और सागर अडाणी को हो जाए, इसके लिए वह प्रयत्नशील है।

**यू.एस. ने समंस तामिल करने के लिए भारत के विधि मंत्रालय से मदद मांगी थी**

पूर्व में चर्चित रिपोर्ट के अनुसार एस.ई.सी. ने भारत के विधि मंत्रालय को इस समंय की तामिली करने के लिए मदद करने का निवेदन किया था। अब एस.ई.सी. ने स्टेट्स अपडेट करते हुवे कहा है कि इस समंस की तामिली अभी तक नहीं हुई है। इसकी पुष्टि करते हुवे भारतीय न्यायालय ने अभी तक यह समंस गौतम अडाणी और सागर अडाणी को प्रेषित नहीं किया है, इसकी स्पष्टता की है।

उक्त केस पर नजर डालें तो यु.एस. के सत्तासिनों द्वारा गौतम अडानी, सागर अडाणी और अन्य छह व्यक्तियों पर आकर्षक कीमत पर विद्युत प्रदाय करने के कान्ट्रेक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डालर्स याने लगभग 2.029 करोड़ की रिश्वत देने का आरोप लगा है। इस केस में एस.ई.सी. ने नवम्बर, 2024 में गौतम अडाणी और सागर अडाणी पर युएस के सिक्युरिटीज लोन्स को भंग करने की शिकायत दर्ज करवायी थी। इस शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अडाणी ग्रीन इनर्जी के द्वारा सितम्बर 2021 में बांड की आफर करते समय अवांछित असत्य आचरण करते हुवे गुमराह करने जैसे बयान दिए गए थे।

## दावे खोखले, हकीकत इससे काफी अलग, डिजिटल इंडिया पर खरगे का मोदी सरकार पर तीखा हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस और भाजपा के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर डिजिटल इंडिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए।



खरगे ने कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया के दावे खोखले हैं और हकीकत इससे काफी अलग है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए खरगे ने बताया कि भारतनेट परियोजना के तहत देश के 6.55 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने का लक्ष्य था, लेकिन अब तक 4.53 लाख गांव यानी 65त्न गांव इससे वंचित हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना की डेडलाइन पिछले 11 वर्षों में कम से कम आठ बार बदली गई है और अब तक केवल 766 ग्राम पंचायतों (0.73त्न) में ही एक्टिव वाईफाई सेवा है।

### बीएसएनएल को लेकर साधा निशाना

कांग्रेस अध्यक्ष ने बीएसएनएल को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जहां निजी कंपनियां 5 प्रतिशत सेवा में आगे बढ़ रही हैं। वहीं बीएसएनएल अब तक 1 लाख 4 प्रतिशत टावर लगाने का लक्ष्य भी पूरा नहीं कर सकी है। करीब एक-तिहाई टावर अब भी लगाए जाने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीएलएनएल को तीन बार कुल 3 लाख करोड़ से ज्यादा के पुनरुद्धार पैकेज दिए हैं, फिर भी यह निजी कंपनियों से काफी पीछे है। खरगने कहा कि बीएसएनएल का कर्ज मार्च 2014 में 5,948 करोड़ था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### ‘राष्ट्रीय कवि संगम’ के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ व देश के ख्यातिलब्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे के असामायिक निधन पर राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई राजनांदगांव के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कवि संगम राजनांदगांव के कवि व साहित्यकारों ने डॉ. सुरेन्द्र दुबे के निधन को देश व प्रदेश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया एवं उनकी उपलब्धियों का स्मरण कर कहा कि वे छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु भारत के गौरव थे। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों ने स्व. दुबे के साहित्यिक योगदान का स्मरण किया तथा उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कवि जिला राजनांदगांव के संरक्षक पद्म लोचन शर्मा मुंहफट, डॉ. शंकर मुनि राय, गिरीश ठक्कर, संयोजक मनोज शुक्ला, अध्यक्ष शैलेष गुप्ता, उपाध्यक्ष थंगेश्वर साहू ‘मीत’, आत्माराम कोशा, अनुराग सक्सेना, तारिक ललानी, ओमप्रकाश साहूउ ‘अंकुर’, लखन साहू ‘लहर’ राजकुमार चौधरी, मानसिंह ‘मौलिक’ आदि कविगण एवं साहित्यकार उपस्थित थे।

### कैट के द्वारा डॉक्टरों व सीए का किया गया सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी दिशा निर्देश में आज डॉक्टर डे पर डॉक्टरों का सम्मान किया गया। स्वास्थ्य समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले युवा डॉक्टरों और नए भारत के आर्थिक उन्नयन के आधार स्तंभ सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट का स्वागत सम्मान में वृक्ष देकर किया गया। जिससे देश में हरियाली रहेगी।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

राजनांदगगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत डोंगरगढ़ तहसील में अतिवृष्टि से 2 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 3 लाख 60 हजार रूपए तथा डोंगरगांव तहसील में अतिवृष्टि से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रूपए, अतिवृष्टि से एक झोपड़ी आंशिक क्षति होने पर 3200 रूपए, अतिवृष्टि व भूस्खलन से 2 फसल क्षति होने पर 10 हजार रूपए, नदी के पानी में डूबने से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आईटीआई में प्लेसमेंट कैम्प 7 को

राजनांदगगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 7 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से शेपर्स टैलेंट इंडिया द्वारा सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राईवेट लिमिटेड के लिए कैम्पस प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से वर्ष 2018 से 2024 तक फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, विद्युतकार, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाईल), ट्रेक्टर मेकेनिक, पेंटर जनरल व्यवसाय में के 18 वर्ष से 25 वर्ष 11 माह के केवल पुरूष प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र 10वीं, आईटीआई, आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ शामिल हो सकते हैं।

### चाईल्ड हेल्प लाईन के विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी

राजनांदगगांव (दावा)। मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन राजनांदगांव के परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाईल्ड हेल्प लाईन सुपरवाईजर, केसवर्कर के पदों पर भर्ती के लिए कौशल परीक्षा एवं लिखित परीक्षा उपरांत चयनित एवं वरीयता सूची जारी कर दी गई है। सूची का अवलोकन राजनांदगांव जिले की वेबसाईट एवं कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय भवन कक्ष क्रमांक 11 कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव के सूचना पटल पर किया जा सकता है।

### साधारण सभा की बैठक 11 को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 11 जुलाई को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया एवं अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

# जिले में शैक्षणिक स्तर एवं गुणवत्ता को बढ़ाने किए जा रहे नवाचार एवं उपाय - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह





राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम परमालकसा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव, लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महिला भवन परमालकसा, बोर खनन आवास पारा परमालकसा का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक भवन साहू पारा एवं सामुदायिक भवन परमालकसा का शिलान्यास किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और मीठा खिलाकर शाला प्रवेश कराया। उन्होंने बच्चों को पाठ्य पुस्तक एवं गणेवश का वितरण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना के तहत 9वीं कक्षा के नव प्रवेशी छात्राओं को सायकल वितरण किया। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षण कार्य के विस्तार के लिए संपर्क डिवाईस का वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने इसी शिक्षा सत्र से हाई स्कूल परमालकसा को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम परमालकसा एवं आस-पास क्षेत्र के विद्यार्थियों को हायर सेकेण्डरी स्कूल के उन्नयन से लाभ मिलेगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास चाबी हितग्राहियों को वितरण किया। इसके साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड, स्वच्छताग्राहियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शाला प्रवेश किसी व्यक्ति के जीवन का सबसे कठिन दिन होता है। पहले दिन स्कूल गए थे तो डर, घबराहट हुई थी। अब वातावरण बदल गया है, अब स्कूल में प्रवेश उत्सव हो गया है। बच्चों को मीठा खिलाकर, तिलक लगाकर स्वागत कर प्रवेश किया जाता है। जिससे बच्चों का डर और घबराहट समाप्त हो गई है। अब छोटे-छोटे बच्चे मीठा खाकर स्कूल में प्रवेश किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले दिन मीठा खाकर प्रवेश किया वह जीवन में आगे बढ़ेगा और तरक्की करेगा। राजनांदगांव जिले में शैक्षणिक स्तर को विस्तार और प्रसार के लिए नवाचार एवं उपाय किया जा रहा हैं। सभी स्कूल में विशेष तौर पर 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश की तैयारी के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि लगातार इस अभियान को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, उद्यानिकी कॉलेज, कृषि कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई सहित अन्य कॉलेज खुलने से शिक्षा का विस्तार हुआ है। इससे शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रोत्साहन एवं मनोबल बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब पढ़ाई की जरूरत है। पढ़ाई की गुणवत्ता और सुधार करने का कार्य, पहली क्लास से ही करना होगा। स्कूल से आने के बाद बच्चे को अभिभावक 1 से डेढ़ घंटा पढ़ाएंगे तो वह बच्चा आने वाले समय में विभिन्न बड़े पदों पर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी सभी अभिभावक मैट्रिक एवं ग्रेजुएशन पास होते हैं। वह अपने बच्चों को पहली क्लास से ध्यान देंगे तो शिक्षा का विस्तार होगा।

**○ विधानसभा अध्यक्ष ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और मीठा खिलाकर कराया शाला प्रवेश**

**○ विधानसभा अध्यक्ष ने हाईस्कूल परमालकसा को हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की**

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक एक शिल्पकार होता है। शिक्षक के सानिध्य में बच्चे विद्वान बन जाते हैं। शिक्षकों की आज्ञा मानते हुए उनके कहे अनुसार चलते हुए आगे बढ़ते हैं तो देश के श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण होता है। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि अधोसंरचना के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में टेड़ेसरा में आईटीआई, सोमनी में मॉडल कॉलेज, राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, उद्यानिकी कॉलेज, शिक्षा के क्षेत्र में राजनांदगांव जिले में विस्तार किया गया है। उन्होंने बच्चों को खूब पढने़, खूब खेलने और आगे बढने़ के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में 1336 शासकीय स्कूल संचालित है। जिसमें 1 लाख 40 हजार बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निःशुल्क गणेवश और पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जा चुका है। इस वर्ष आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सुधार कार्यक्रम के तहत कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता के लिए विशेष कार्यक्रम चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि संपर्क फाउंडेशन की टीम पहले से कार्य कर रही है। जिससे डिजिटल तरीके से पढ़ाई कराई जा रही है। इसके साथ ही नीट और जेईई की तैयारी के लिए निःशुल्क सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सरपंच श्रीमती परमीला साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, खूबचंद पारख, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, दिनेश गांधी, राजेन्द्र गोलछा, खिलेश्वर साहू, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एसडीएम खेमलाल वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, स्कूल बच्चे, शिक्षकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अवैध शराब व शराब की लत से संस्कारधानी हो रही कलंकित - कुलबीर

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर में लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ते ही जा रहा है। जिसका मुख्य वजह अवैध शराब बिक्री विगत दिनों शहर के लखोली वार्ड में शराब को लेकर एक युवक द्वारा हत्या का मामला सामने आया था। शहर में अवैध शराब बिक्री के कारण चाकूबाजी, चोरी-डकैती, हत्या, लूट, शराबखोरी की घटनाएं बढ़ रही है। जिससे माताएं, बहने, छोटे-बच्चे, वरिष्ठजन असुरक्षित महसूस कर रहे है। जिसको लेकर शहर कांग्रेस द्वारा 1 जुलाई मंगलवार को राज्यपाल के नाम कलेक्टर के माध्यम से एडीएम सीएल मारकंडे को ज्ञापन सौंपा।



जनहित मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सौंपे गए ज्ञापन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि संस्कारधानी जहां लोग खुशी व अमन से रहते थे। शांतिप्रिय जिले कहलाता था। उस जिले में आज अवैध शराब पूरी तरह से भावी हो चुका है। जिसमें खासकर युवा वर्ग इनके गिरफ्त में है। बसंतपुर, शंकरपुर, पुराना बस स्टैण्ड, सहित अन्य शहर अन्य क्षेत्रों में चाकूबाजी, चोरी-डकैती, हत्या, लूट, शराबखोरी की घटनाएं बढ़ रही है। जिसके कारण माताएं, बहने, छोटे-बच्चे, वरिष्ठजन असुरक्षित महसूस कर रहे है। अवैध शराब बिक्री के कारण शहर में लगातार अपराध की घटनाएं बढ़ रही है। प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार जिला व छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के गृह जिले में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फलफूल रहा है। भाजपा नेताओं के संरक्षण में आज हर-गली मोहल्लों में आसानी से अवैध शराब मिल रहा है। जिसके कारण माताएं, बहने अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। सरकारी कार्यालय भी सुरक्षित नहीं है। अवैध शराब व शराब की लत से संस्कारधानी कलंकित हो रही है। शराब के नशे में पुलिस वाले अपने साथी से ही मारपीट कर रहे है, जो आज के समाचार पत्र में आया है। इसी तरह सुरगी ग्रामीण अंचल में अवैध शराब का कारोबार चरमसीमा में है, शराब के नशे में असामाजिक तत्वों द्वारा राहगीरों को रोककर मारपीट, लूट जैसी घटनाएं को अंजाम दे रही है। समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया जाता है तो स्थिति भयवह हो सकती है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहर में प्रस्तावित नई शराब दुकानों के खोले जाने का जनहित मुद्दों को लेकर शहर कांग्रेस विरोध करती है और अवैध शराब बिक्री के कारण हो रही घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाते हुए शराब कोचियों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग करता है। जिसको लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रमुख रूप से संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पंकज बांधव, विवेक वासनिक, पार्षद सतीश मसीह, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, महामंत्री झम्मन देवांगन, अमित चंद्रवशी, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, शरद खंडेलवाल, जितेन्द्र शर्मा, बबलू कसार, सुरेन्द्र देवांगन, अरशद खान, डॉ. कुमार, वीशू अजमानी, राहुल देवांगन, सुरेन्द्र गजभिए, नीलेश ठावरे, जितेन्द्र सिन्हा, तौसिफ गोरी, हिम्मत पवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगाँव**
**जिला-राजनांदगाँव**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रूपल बुद्धदेव आ. धीरज लाल, निवासी-केशर नगर, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम लखोली, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर 300/1/क, रकबा 0.0270 हे. भूमि के राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में आवेदिका के भाई आनंद ठक्कर का नाम दर्ज कर कृषि भूमि से परिवर्तित भूमि दर्ज किया जाकर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 16/07/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनॉक न्यायालय की मुहर से जारी किया गया 1/07/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं

जारी दिनॉक :- 1/07/2025
पेशी दिनॉक :- 16/07/2025

**तहसीलदार**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-0
470-1 699-4
राजधानी
1-5-7
680-4 788-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

E - अ/19(3) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बरगा, प.ह.नं.-29 रा.नि.नं.-सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है, आवेदक विभाग कुलसचिव महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय राजनांदगांव के पत्र क्रमांक/कुलसचिव/स्थ.-11-1-2 (2) 2025/1600 दिनांक 06/02/2025 के माध्यम से कलेक्टर जिला राजनांदगांव को संबोधित पत्र प्राप्त हुआ है। प्राप्त पत्र में महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा-पाटन दुर्ग के अंतर्गत पं. किशोरीलाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, राजनांदगांव में संचालित स्नात्कोत्तर एवं पी.एच.डी. के शोध हेतु ग्राम बरगा प.ह.नं. 29 रा.नि.सं. सुकुलदैहान तहसील राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 302 रकबा 4.8610 हे. एवं खसरा नं. 230 रकबा 1.4740 हे. को आबंटित किये जाने का लेख किया गया है। नक्शा खसरा की प्रति संलग्न है। उक्त पत्र माननीय न्यायालय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव द्वारा भू-राजस्व संहिता एवं छ.ग. शासन के अन्य सुसंगत नियमों के तहत् जांच एवं प्रतिवेदनार्थ माननीय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय राजनांदगांव के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में विचाराधीन प्रकरण में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत आगामी सुनवाई तिथि 15/07/2025 तक लिखित में स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार अथवा सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतएव उक्त ईश्तहार/उद्घोषणा आज दिनांक 30/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 30/06/2025.
सुनवाई दिनांक : 15/02/2025.

**नायब तहसीलदार**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## आज छत्तीसगढी नाटक ‘बुड़ुवा बिहाव’ का मंचन

**जय छत्तीसगढ़ी लोक सांसकृतिक संस्था ‘गोदना’ का आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। पदमश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ में आज 2 जुलाई बुधवार को दोपहर समय शाम 6 बजे नाटय ‘बुडुवा बिहाव’ का आयोजन जय छत्तीसगढ लोक सांस्कृतिक संस्था गोदना डोंगरगांव के द्वारा मंचन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मधुसूदन यादव महापौर, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, सुश्री सुरूचि ठाकुर जिला पंचायत सीईओ, जीपीएस दर्दी सहायक आयुक्त आबकारी, दैनिक दावा के प्रधान सम्पादक दीपक बुद्धदेव, विमल हाजरा एवं मोहन सिन्हा इस कार्यक्रम के अतिथि होंगे। इस नाटक का मंचन पहली बार राजनांदगांव में आम जनता के लिए किया जा रहा है। इस नाटक के अन्य कलाकार भोपाल से भी है। साथ ही इस नाटक का निर्देशन रामशरण वैष्णव ने किया है तथा यह नाटक 1 घंटे का है। साथ ही इस नाटक में 10 कलाकार मंच पर रहेंगे तथा गायन पक्ष में 5 कलाकार व संगीत पंक्ष में 6 कलाकार अपनी भुमिका निभायेंगे।

## सिंगदई के शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध कब्जा को प्रशासन की टीम ने हटाई



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम सीमांतर्गत स्थित वार्ड नं. 50 सिंगदई में हाईस्कूल के पास की शासकीय भूमि में कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसकी वार्डवासियों की शिकायत पर आज जिला प्रशासन, निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने हटाने की कार्यवाही किए।

उल्लेखनीय है कि वार्ड नं. 50 सिंगदई में श्रीमती मंजू निषाद आ. रामचरण निषाद के द्वारा हाईस्कूल के पास की शासकीय भूमि में अतिक्रणम कर अवैध निर्माण किया जा रहा था। इस संबंध में वार्डवासियों की शिकायत पर इन्हें हटाने नोटिस दिया गया था। नोटिस उपरांत भी इनके द्वारा अतिक्रमण कार्य जारी रखा गया। जिससे वार्डवासी आक्रोषित होकर गत दिनों कलेक्ट्रेड में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, महापौर मधुसूदन यादव तथा निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा से नगर निगम में प्रत्यक्ष मुलाकात कर हटाने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कलेक्टर डॉ. भूरे द्वारा अतिक्रमण हटाने आश्वासन दिया। वही महापौर यादव व आयुक्त विश्वकर्मा ने भी दो दिन में अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया।

महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा के निर्देश पर आज नगर निगम के कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू निगम अमला के साथ-साथ नयाब तहसीलदार व उनकी टीम तथा पुलिस बल के साथ आज श्रीमती मंजू निषाद के द्वारा शासकीय भूमि में कर रहे अवैध निर्माण तोड़कर कालम ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार उसी शासकीय भूमि के पास बजरंग साहू द्वारा भी अवैध कब्जा कर बाऊण्ड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा था, जिसे तोडा गया। साथ ही दो अन्य लोग जिन्होंने अवैध कब्जा कर निर्माण किया है। उन्हें भी स्वयं से तोड़ने समझाईस दी गई। उन सभी कब्जाधारियों से कहा गया कि आप शासकीय भूमि से कब्जा हटाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन कर आवास का लाभ ले। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर निगम, जिला प्रशासन एवं पुलिस बल उपस्थित था।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने 41 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 16,30,72,481 रूपए की राशि प्रदत्त



राजनांदगांव (दावा)। सेवानिवृत्ति के दिन ही कर्मचारियों को उनके सेटलमेंट की संपूर्ण राशि का भुगतान करने की अपनी गौरवशाली परंपरा को कायम रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने मंडल रेल प्रबंधक, दीपक कुमार गुप्ताल की अध्यक्षता में 30 जून को सेवानिवृत्त हुए मंडल के कुल 41 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति की राशि के रूप में कुल 163072481 रूपए की राशि प्रदान की। इसके साथ ही इन कर्मचारियों को परिचय पत्र, एफआईसी कार्ड, केलकुलेशन शीट, सेवा प्रमाणपत्र, पीपीओए समरी शीट, सेवा पुस्तिका का प्रथम पेज एवं रजत सेवा पदक भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्यए सुखद तथा सुदीर्घ जीवन के लिये शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवा काल के दौरान जो सपने शेष रह गये थे। इस राशि के समुचित उपयोग से आप उन सपनों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर इस कार्यालय के द्वार आपके लिये सदा खुले हैं तथा आपके द्वारा दिये गये सुझावों का भी आमंत्रण करता हूँ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सेवानिवृत्त कर्मचारीगण रेल परिवार का हिस्सा बने रहेगें एवं सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करेंगे तथा उनके परिवार में सभी सदस्य खुश रहे ऐसी शुभकामनाएं देते हुए सेवा निवृत्त कर्मचारियों के लिए निर्धारित योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th June to 03rd July 2025




Maa - 12:00, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Kannappa - 03:00pm & 09:15pm
Sitaare Zameen Par - 12:30, 03:15, 06:15, 06:30 and 09:00 pm
HOUSEFULL 5 A - 12:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
महिलाओं की खास फरमाईश पर टिकिट दर पर भारी छूट
बालकनी - 100 रूपए
रिजर्व - 50, महिला- 50 रूपए
सिर्फ सुहाग फिल्म के लिए
सुपरहीट, सुपरहीट, सुपरहीट
सुहाग
कला : अनुज शर्मा, अनकृति चौहान,




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# निर्माण एजेंसी महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र करें पूर्ण - कलेक्टर

राजनांदगगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग कार्यों में गति लाए। सभी निर्माण एजेंसी अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, ब्रिज, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं अन्य विभाग बारिश को ध्यान में रखते हुए निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि 4 जुलाई को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में %%कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो सके। उन्होंने प्रचार-प्रसार के लिए शहर के विभिन्न कालेज एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर पोस्टर एवं फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में पौधरोपण एवं खाद व बीज की उपलब्धता की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने खेती-किसानी



**जिले में पौधरोपण एवं खाद व बीज की उपलब्धता की स्थिति के संबंध में ली जानकारी, विनोबा एप में अधिक से अधिक शिक्षकों को पंजीयन कराने के लिए कहा**

कार्य को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज की सतत आपूर्ति के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। शहर में यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। नगर पालिक निगम को गार्डन के रख-रखाव पौधरोपण के संबंध में कहा। उन्होंने सभी शासकीय स्कूलों में किताबों के वितरण की जानकारी ली। विनोबा एप में अधिक से अधिक शिक्षकों को पंजीयन कराने के लिए कहा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट की तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खनिज के अवैध उत्खनन एवं अवैध शराब की बिक्री एवं पेड़ों की अवैध कटाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे नेकहा कि सभी हास्पिटल में एन्टी स्नैकवैनम की दवाई होनी चाहिए। उन्होंने किसान केडिट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए तथा आम जनता को योजना से लाभान्वित करने के लिए कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवास निर्माण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल की सतत आपूर्ति के लिए एनीकट के सभी गेट खोलने के निर्देश दिए। किसानों को किसान किताब वितरण करने के लिए कहा। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, बिजेतला एवं पटेवा के लिए भूमि, स्वामित्व योजना, डीएमएफ मद से जनहित कार्यों के प्रस्ताव सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अच्छा प्रयास होना चाहिए। उन्होंने विनोबा एप के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए कार्य करने की जरूरत है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पर्यावरण मित्र होने के साथ-साथ सौर ऊर्जा का सही उपयोग भविष्य के लिए महत्वपूर्ण



**○ हर्ष पिंचा के घर बिजली बिल हुआ शून्य, अतिरिक्त 300 यूनिट हुए जमा**
**○ प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को योजना के लिए दिया धन्यवाद**

राजनांदगांव (दावा)। शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना महत्वाकांक्षी योजना है। पर्यावरण मित्र होने के साथ-साथ सौर ऊर्जा का सही उपयोग भविष्य के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। राजनांदगांव शहर में इस योजना के प्रति जनमानस में रूचि बढ़ी है और सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए अपने बिजली के बिल में कमी लाने के लिए अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर विद्युत की बचत कर रहे हैं। सौर ऊर्जा से घर अब रौशन हो रहे है और विद्युत आपूर्ति होने से बढ़ते हुए बिजली बिल से लोगों को राहत मिली है। वर्धमान नगर के हर्ष पिंचा ने कहा कि उन्होंने अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 2 लाख 25 हजार रूपए की लागत से 3 केवी क्षमता का सोलर पैनल लगाया है। शासन की ओर से 78 हजार रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से पर्यावरण के साथ-साथ बिजली की बहुत बचत हुई। उन्होंने बताया कि पहले बिजली का बिल 2200 से 2500 रूपए तक आता था। वह अब घटकर शून्य हो गया है। इसके साथ ही 300 यूनिट अतिरिक्त जमा हो गए है, जो आगे काम आएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना प्राकृतिक ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में कारगर है। सौर ऊर्जा प्राकृतिक ऊर्जा निःशुल्क होने के कारण इस योजना से लाभान्वित हो सकते है। उन्होंने इस बेहतरीन योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है।

रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट pmsuryaghar. gov.in एवं PMSuryaGhar मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# बाहरी लोगों का चेकिंग अभियान



राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिलेभर में बढ़ रहे आपराधिक घटनाओं की रोक थाम के लिए पुलिस द्वारा बाहर से आए संदिग्ध लोगों पर नजरें बनाए हुए हैं। पुलिस द्वारा वार्ड मुहल्ले के घर-घर जाकर एक-एक लोगों का चेकिंग किया जा रहा है। नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में थाना लालबाग एवं ओपी चिखली, सुकुलदैहान, सुरगी पुलिस प्रभारियों द्वारा अपने दलबल के साथ शहर के शांति नगर एरिया के घरों को चेक किया गया। इस चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस द्वारा लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, आदि चेक कर तस्दीक किया गया।

शहर में चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक राजेश साहू, ओपी चिखली प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, ओपी सुकुलदैहान निरीक्षक मनीष ध्रुव, ओपी सुरगी प्रभारी निरीक्षक शंकरगिरी गोस्वामी द्वारा अपने दल-बल के साथ शहर के शांति नगर एरिया के घरों को चेक किया गया एवं उनमें रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई। वहां रह रहे मकान मालिकों, किरायदार व अन्य बाहरी मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, आदि चेक कर तस्दीक किया गया। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश तथा उपद्रिवि तत्वों की भी चेकिंग की गई। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में कॉबिंग गस्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

# नाड़ी वैध चिकित्सक द्वारा 40 से अधिक लोगों का किया उपचार

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित चिकित्सालय में रविवार को स्काउट गाइड फेलोशिप के तत्वाधान में सुप्रसिद्ध नाड़ी वैध धमधा के डॉ. दिनेश साहू ने अपनी सेवाएं दी तथा 40 से अधिक मरीजों का नाड़ी देखकर बिना दवाई के उपचार किया। जिसमें तुमड़ीबोड़, चिचोला, बागनदी, बोरतलाव सहित महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश के भी लोगों ने अपना उपचार कराया। रोवर लीडर देवेंद्र साखरे व गोपाल खेमुका के नेतृत्व में स्काउट टीम ने लोगों को कतारबद्ध कर सुविधाजनक तरीके से उपचार में सहयोग दिया।

ज्ञातव्य है कि नाड़ी का देखना सुबह 6 से 9 बजे तक ही खाली पेट होता है। इस दौरान उपस्थित सभी मरीजों का पहले नाडी देखकर पर्ची में लेखन किया गया। तत्पश्चात 10 से दोपहर 3 बजे तक बारी-बारी सभी मरीजों को बुलाकर उनसे चर्चाकर उपचार की पद्धति बताई गई। चिकित्सक ने बताया की वे प्रतिमाह अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बारिश के समय में खान-पान में विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

# राजनांदगांव जिले में अब तक 530.3 मिमी वर्षा दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 530.3 मिमी बारिश एवं औसत 75.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 66.6 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 17 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 149.7 मिमी, घुमका तहसील में 115.5 मिमी, छुरिया तहसील में 63.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 63.4 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 54.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 149.7 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 47.6 मिमी एवं औसत 6.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 2 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 6.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 0.1 मिमी, घुमका तहसील में 2.5 मिमी, छुरिया तहसील में 26.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 8.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 1.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा छुरिया तहसील में 26.7 मिमी दर्ज की गई है।

# डॉ. रमन सिंह शोक संवेदना व्यक्त करने लोहिया परिवार पहुंचे

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह अपने व्यस्त प्रवास से समय निकलकर भारतीय जनसंघ के वरिष्ठ नेता श्रद्धेय रामगोपाल लोहिया के कामठी लाइन स्थित निवास पहुंचे।

ज्ञातव्य है कि गत शुक्रवार को लोहिया परिवार के विष्णु प्रसाद लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मणि देवी लोहिया का देहावसान हो गया था। डॉ. सिंह ने लोहिया परिवार पहुंचकर श्रीमती मणि देवी लोहिया के तेलचित्र पर पुष्पांजली अर्पित की एवं शोक संतप्त परिवार से मिलकर सांत्वना व्यक्त की। इस दौरान प्रमुख रूप से संतोष लोहिया, अशोक लोहिया, अजय लोहिया, योगेश लोहिया, मुकेश लोहिया, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, सचिन सिंह बघेल, सौरभ कोठारी, दिनेश गांधी, राजेश शर्मा, प्रशांत अग्रवाल सहित अनेक नेता उपस्थित थे।



# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पीड़िता से शादी डॉट काम सोशल मीडिया से जान पहचान हुई थी। पीड़िता ने थाना डोंगरगढ़ में दिनांक 3 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 माह पहले शादी डाट काम सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी राजकुमार पिता विरेन्द्र कंवर उम्र 30 साल निवासी दमुआ छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से मिली थी। दोनों एक ही समाज के होने से शादी करने के लिये मोबाईल के माध्यम से बातचीत करते थे।



आरोपी ने शादी करने का भरोसा रखकर 21 अप्रैल 2025 के रात्रि में सागर लॉज डोंगरगढ़ में पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया था। उसके बाद आरोपी पीड़िता के साथ शादी करने से टालमटोल कर शादी करने से इंकार करने की रिपोर्ट पर अप.क्र.-270/2025 धारा- 69 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी का पता तलाश कर दिनांक 1 जुलाई 2025 को गिरफ्तार कर न्यायलाय में पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड में जेल भेजा गया है।

# निगम सीमाक्षेत्र स्थित उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) सफाई कार्य जारी, अब तक 4 टंकियों की हुई सफाई

राजनांदगांव (दावा)। शहर की जनता को पर्याप्त शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके इसके लिए नगर निगम राजनांदागांव सतत् प्रयासरत रहता है। शुद्ध पेयजल के लिए नगर निगम द्वारा साल में दो बार पेयजल सप्लाई वाली सभी टंकियों की सफाई कराई जाती है। वर्तमान में बारिश के पूर्व चार टंकियों की सफाई की जा चुकि है। इसी कड़ी में शहर के प्रमुख 15 सार्वजनिक कुओं की भी सफाई की गई है।





नगर निगम द्वारा पेयजल में किसी भी प्रकार का व्यावधान उत्पन्न न हो इस हेतु महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर जल विभाग का अमला सतत् कार्यरत रहता है। कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके द्वारा स्वयं उपस्थित होकर मोहारा प्लांट में रॉ-वाटर, क्लीयर वाटर का परीक्षण एवं क्लोरिन टेस्ट किया जा रहा है। शिवनाथ नदी मोहारा का जल स्तर का भी प्रतिदिन पर्यवेक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा शहर की टंकियो की सफाई भी की जा रही है तथा गत माह शहर के 15 सार्वजनिक कुओं की सफाई की गई।

शहर में स्थित उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) सफाई की कड़ी में टांकाघर में निर्मित तीनों टंकी तथा मोहारा स्थित टंकी एवं सम्पवेल का सफाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष बचे टंकियों का सफाई कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। जिससे बारिश के पूर्व सभी टंकिया सफाई हो सके। इस वर्ष महापौर के निर्देश पर शहर के सभी सार्वजनिक कुओं की सफाई कराई गई। जिससे कुओं का जल स्त्रोत बढ़े और निस्तारी योग्य बने। इसी प्रकार ममता नगर, अंडर ब्रिज के सम्पवेल की भी सफाई कराई गई है, ताकि बारिश में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। साथ ही शहर में स्थापित हैण्डपंपों में सोडियम हाईपोक्लोराईड केमिकल डालने का कार्य किया जा रहा है। जिससे हैण्डपंपों का जल भी वर्षा ऋतु में पूर्ण रूप से संक्रमण मुक्त रहे। इस प्रकार शहर को शुद्ध पेयजल प्रदाय किये जाने नगर पालिक निगम प्रतिबद्ध है।

# शिक्षक साझा मंच के बैनर तले पूर्व सेवा अवधि की गणना सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर हुआ धरना प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के 146 विकासखण्डों में राज्यभर के शिक्षकों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर हल्ला बोला। इसी कड़ी में शिक्षक साझा मंच ब्लाक इकाई राजनांदगांव के शिक्षक एलबी संवर्ग द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक छन्नूलाल साहू एवं नीलेश कुमार रामटेके ने बताया कि हमारी मागों में पूर्व सेवा गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना प्राचार्य पदोन्नति में बी एड प्रशिक्षण की अनिवार्यता शिथिल कर, डीएड प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान किया जाए। इसके साथ ही प्राचार्य के सीधी भर्ती में 10 प्रतिशत पदों को विभागीय परीक्षा लेकर तत्काल भरा जाए।



## दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के खिलाफ सड़क पर उतरे

जिला संचालक छन्नूलाल साहू ने बताया कि वर्तमान में हुए युक्तियुक्तकरण में व्यापक विसंगतियां है। इसके तहत दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए 2 अगस्त 2024 को जारी युक्तियुक्तकरण नियम के तहत् हुए विद्यालय एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त किया जाए। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया सेटअप 2008 के विपरित है। विद्यालयों में 31 मार्च 2008 में वित्त विभाग द्वारा स्वीकृत पद के अनुरूप युक्तियुक्तकरण किया जाए। जिला संचालक विष्णु शर्मा ने बताया कि भाजपा ने चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया था, लेकिन संकल्प पत्र की ओर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे शिक्षक संवर्ग कर्मचारी नाखुश है। जिला संचालक निलेश रामटेके ने पूर्व सेवा अवधि की पूर्ण गणना कर समस्त वित्तीय लाभ दिये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। ब्लाक संचालक रोशन साहू एवं प्रफुल्ल झा ने बताया की जिन शिक्षकों ने एक ही पद पर रहते हुए 10 वर्ष पूर्ण कर लिया है। उन्हें सरकार क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान नहीं कर रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर चालीस हजार पद एक झटके में समाप्त कर दिया गया है। लगभग 10,000 स्कूलों को मर्ज करने के नाम पर बंद कर दिया गया है। धरना-प्रदर्शन उपरांत जिला संचालक छन्नूलाल साहू के नेतृत्व में शिक्षको ने मनोज मरकाम डिप्टी कलेक्टर के हाथो चार मुख्य मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में श्रीमती सोना साहू के तर्ज पर समस्त शिक्षकों को क्रमोन्नति वेतनमान, प्रथम नियुक्ति तिथि के पूर्व सेवा की गणना, पदोन्नति में बीएड को शिथिल करने के साथ ही दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण को निरस्त कर 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण किये जाने की मांग किया गया। आज के धरना प्रदर्शन में विकासखंड राजनांदगांव के शिक्षक संवर्ग कर्मचारी जिला कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाइओवर के नीचे अपनी आवाज को बुलंद किया। जिसमें सुशील देवांगन, सुशील शर्मा, अजय कड़व, रोशन साहू, मिलन साहू, दीपक तिवारी, प्रफुल्ल झा, गुरुदत्त सिंहा, श्रीमती भोज टंडन, मंजू देवांगन, रेणुका साहू, चंपा राउत, अंचल एक्का, संघमित्रा चौहान, सारिका कोठारी, विनोद भावे, नवदीप मंडावी, भोज कुमार, राजकुमार साहू, सुग्रीव मंडावी, मनोज साहू, रजनीश चतुर्वेदी, ओमप्रकाश साहू, मीना सरोद, जितेन्द्र हिरवानी, प्रवीण गोटेक, राम नरेश साहू, परमानंद साहू, घनश्याम सोनी, गीतांजली साहू, अनुपमा उके सहित बहुतायत संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित थे।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**स्काडा सिस्टम के प्रतिस्थापन हेतु ई- निविदा सूचना**
**निविदा सूचना क्र.:** TRD-NAG-EPC-_25-26-01 दिनांक: 24.06.2025
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के दुर्ग-नागपुर सेक्शन के लिए RDSO विनिर्देश TI/SPC/RCC/SCADA/0134 या नवीनतम के अनुसार मौजूदा पुराने स्काडा सिस्टम को बदलना (RDSO विनिर्देश TI/SPC/RCC/SCADA/0134 या नवीनतम के अनुसार स्काडा सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, मौजूदा स्काडा सिस्टम को हटाना और RCC में वर्कस्टेशन में संशोधन करना शामिल है)। (EPC मोड)
**IRPSM ID.:** डिपोसिट कार्य
**निविदा मूल्य:** ₹ 11,79,90,000/-
**बयाना राशि:** ₹ 7,40,000/-
**इलेक्ट्रॉनिक ऑफर की अंतिम तिथि:** दिनांक 23.08.2025 के 14:00 बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता - टीआरडी, द.पू.म. रेलवे, नागपुर**
AIM/11-56
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# बिहार चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बनाए गए डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल



राजनांदगांव (दावा)। ऑल इंडिया कॉंग्रेस कमेटी की ओर से बिहार चुनाव के लिए 58 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। जिसमें अनेकों दिग्गजों को शामिल किया गया है छत्तीसगढ़ के 4 वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया गया है। प्रदेश से श्री भुवनेश्वर बघेल सहित पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर को एआईसीसी द्वारा बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। बिहार चुनाव में संगठन की जीत के लिए ये सभी पर्यवेक्षक अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में जिला से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे तथा पार्टी की जीत सुनिश्चित करने सभी को एकजुट करेंगे।

पर्यवेक्षक बनाए जाने पर पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा कि बिहार चुनाव में कांग्रेस इस बार ताकतवर और बड़ी रणनीति के साथ चुनाव लड़ रहा है। वही कांग्रेस पार्टी महागठबंधन का हिस्सा भी है, ऐसे में पार्टी को मजबूत करने देश भर से 58 अनुभवी व वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। भुनेश्वर बघेल ने कहा कि शीघ्र ही वे बिहार के दौरे पर जाएंगे तथा अपने. अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक समीक्षा कर पार्टी व कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से कांग्रेस को न केवल स्थानीय स्तर पर मजबूत करेंगे, बल्कि महागठबंधन की साझा रणनीति को धरातल पर उतारेंगे। बिहार में अनुसूचित जाति वर्ग का अपना वोट बैंक है और भुवनेश्वर बघेल अनुसूचित जाति वर्ग के छत्तीसगढ़ के बड़े युवा चेहरे के रूप में लगातार सक्रिय रहते हैं।

# कबीर की भाषा पर विमर्श :कबीर की भाषा साधुकड़ी और घुमक्कड़ी दोनों है

राजनादगांव (दावा)। पिछले रविवार को संत कबीर की भाषा पर फेसबुक समूह 'पंचमेल' के पटल पर भारत, नेपाल और अमेरिका में बसे विद्वानों ने अपने विचार रखे। बहस की दूसरी कड़ी में राजनादगांव के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि संत कबीर की भाषा लोक मानस की भाषा हैं। वे सहज उदगार के कवि हैं, आपने कबीर की काव्यभाषा की चर्चा करते हुए कहा कि कबीर संत होने के साथ ही समाजसुधारक भी थे, इसलिए उनकी भाषा में शास्त्रीयता का आभाव देखा जा सकता है। आपकी कविताएं कल्पना लोक की नहीं, बल्कि अनुभव पर आधारित हैं। कबीर की उलटबांसियां वक्रोक्ति काव्य का सटीक उदाहरण हैं। कबीर की साखियों में शास्त्रीयता नहीं, युगबोध की धड़कन है। आपकी काव्य भाषा साधुकड़ी और घुमक्कड़ी दोनों है। आपकी मूल भाषा काशिका से दूर पूर्वी भोजपुरी है।

उल्लेखनीय हैं कि फेसबुक समूह 'पंचमेल' कबीर की भाषा को लेकर इन दिनों एक अंतर्राष्ट्रीय बहस चल रही है. समूह के एडमिन डॉ. पृथ्वीराज सिंह जो बिहार के छपरा में अंग्रेजी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं। इन्होंने यह चर्चा शुरु की हैं। चर्चा के दूसरे चरण में अमेरिका से सुभाष कुमार बैठा, नेपाल ने नेपाली भाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल ठाकुर सहित राकेश कोट्टरी, प्रियंका पांडेय, रणजीत और पांडेय ने अपने विचार रखे. भारतीय प्रतिभागियों में दिल्ली से डॉ. संतोष पटेल और राजनादगांव से शंकर मुनि राय और छपरा बिहार से समूह के एडमिन डॉ. पृथ्वीराज सिंह शामिल हुए थे। कार्यक्रम के अंत में एडमिन ने बताया की यह चर्चा आगे भी जारी रहेगी।

## अनमोल दावा

> सम्मान हमेशा समय और स्थिति का होता है, पर इंसान उसे अपना समझ लेता है।

## राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव पर भारी

महाराष्ट्र में हिंदी विरोध के मूल में सस्ती राजनीति ही है। अपने मुद्दों की नाकामी से जनाधार गंवा चुके राजनीतिक दलों और नेताओं को लगता है कि मराठी अस्मिता के जांचे-परखे पुराने दांव से शायद भविष्य में उनकी चुनावी नैया पार लग जाएगी लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए वे जो कीमत चुकाने पर आमादा हैं वह राष्ट्रीय एकता अखंडता और सामाजिक सौहार्द पर भारी पड़ सकती है। दक्षिण भारत में अक्सर राजनीतिक हित साधने के लिए हिंदी विरोध को एक कारगर हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाता रहा है। अब लगता है कि महाराष्ट्र की बारी है। जिन अहिंदी भाषी राज्यों में भी हिंदी बोलने-समझने वाले ही नहीं, हिंदी लिखनेवाले भी बड़ी संख्या में मिल जाते हैं, उनमें महाराष्ट्र अग्रणी है।

मूलतः मराठीभाषी हिंदी साहित्यकारों और पत्रकारों की संख्या भी कम नहीं है। जिस हिंदी सिनेमा की हिंदी भाषा के प्रसार में बड़ी भूमिका की बात कही जाती है, उसका केंद्र महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई ही है। मराठी मूल के असंख्य लोगों ने फिल्म निर्माण से लेकर अभिनय तक, हिंदी सिनेमा में बड़ा नाम कमाया है।

दादा साहेब फाल्के को भारतीय फिल्म उद्योग का पितामह कहा जाता है। देश का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म सम्मान च्दादा साहेब फाल्के अवार्डज् उन्हीं की स्मृति में दिया जाता है। क्या वी. शांताराम के बिना हिंदी सिनेमा की कहानी कही जा सकती है? यह फेहरिस्त बहुत लंबी बन सकती है।

महाराष्ट्र में अब त्रिभाषा फार्मूले के अंतर्गत स्कूलों में हिंदी पढ़ाए जाने के फैसले को हिंदी थोपना बता कर बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाया जा रहा है। नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार देश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में तीन भाषाएं पढ़ाई जाएंगी, जिनमें से दो भारतीय और तीसरी विदेशी होगी। नई शिक्षा नीति के अनुरूप ही त्रिभाषा फार्मूले को लागू करते हुए महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में पहली से पांचवीं कक्षा तक मराठी, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाए जाने का फैसला लिया। इसका खासकर शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना द्वारा जोरदार विरोध शुरू हो गया।

संकीर्ण राजनीति प्रेरित अतार्किक विरोध के आगे झुकते हुए महायुति सरकार ने अपने आदेश में संशोधन भी कर दिया कि विद्यार्थी मराठी और अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के रूप में हिंदी के बजाय कोई अन्य भारतीय भाषा भी चुन सकते हैं। इसके बावजूद महाराष्ट्र में हिंदी विरोध थमता नहीं दिख रहा। उद्धव की शिवसेना और राज की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना अब मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी पढ़ाए जाने के विरोध में संयुक्त विरोध प्रदर्शन करने जा रही हैं।

अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने के लिए उद्धव और राज ठाकरे की तरह शरद पवार भी मराठी अस्मिता के भावनात्मक मुद्दे को भुनाने का मौका नहीं चूकना चाहते। हिंदी विरोधी प्रदर्शन को उन्होंने भी समर्थन का एलान कर दिया है। ऐसा ही दबाव अन्य विपक्षी दलों पर भी नजर आ रहा है, क्योंकि ऐसे भावनात्मक मुद्दे हमारी चुनावी राजनीति में वास्तविक मुद्दों पर भारी पड़ते रहे हैं।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने आरोप लगाया है कि अपने मुख्यमंत्रित्वकाल में नई शिक्षा नीति को मंजूरी देने वाले उद्धव ठाकरे बीएमसी समेत आगामी नगर निगम चुनावों में राजनीतिक लाभ के लिए ही हिंदी विरोध को हवा दे रहे हैं। सच यह भी है कि बाला साहब ठाकरे द्वारा गठित शिवसेना की पहचान शुरू में हिंदी भाषा तथा गैर मराठी प्रवासियों के विरोधी की ही रही। मराठी अस्मिता के नाम पर ही शिवसेना ने महाराष्ट्र में अपने पैर पसारे, लेकिन पहले भाजपा से गठबंधन और फिर उससे तकरार के बाद कांग्रेस-राकांपा के साथ महा विकास अघाड़ी सरकार बनाने से वह पहचान धूमिल होती गई।

अब जबकि राज ठाकरे के साथ ही उद्धव ठाकरे के समक्ष भी राजनीतिक भविष्य का संकट खड़ा हो गया है, तब दोनों मिलकर हिंदी विरोध के जरिये मराठी अस्मिता के मुद्दे को धार दे कर पुनरुत्थान की कोशिश कर रहे हैं। पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद दोनों ठाकरे भाइयों में एकता की चर्चाएं लगातार चलती रही हैं। हिंदी विरोध के रूप में उन्हें मनचाहा मुद्दा भी मिल गया है। बदलते सामाजिक-आर्थिक परिवेश में भाषाई संकीर्णता का यह मुद्दा कितना कारगर होगा, इसकी पहली परीक्षा बृहद मुंबई महापालिका यानी बीएमसी समेत कुछ नगर निगमों के निकट भविष्य में होनेवाले चुनावों में होगी। बीएमसी पर सभी दलों की नजर इसलिए भी रहती है कि उसका बजट देश के कई राज्यों से बड़ा है। आम धारणा है कि बीएमसी पर काबिज दल के लिए महाराष्ट्र में राजनीति करना आसान हो जाता है।

महाराष्ट्र में हिंदी विरोध के मूल में सस्ती राजनीति ही है। अपने मुद्दों की नाकामी से जनाधार गंवा चुके राजनीतिक दलों और नेताओं को लगता है कि मराठी अस्मिता के जांचे-परखे पुराने दांव से शायद भविष्य में उनकी चुनावी नैया पार लग जाएगी, लेकिन संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए वे जो कीमत चुकाने पर आमादा हैं, वह राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द पर भारी पड़ सकती है। ऐसे में महाराष्ट्र के जागरूक नागरिकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। जन साधारण को समझाना होगा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप पहली से पांचवीं कक्षा तक हिंदी पढ़ाए जाने को हिंदी थोपना बता कर विरोध कर रहे राजनीतिक दलों और नेताओं ने राज्य में कभी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का विरोध नहीं किया। बेशक वैश्विक गांव की परिकल्पना के इस दौर में किसी विदेशी भाषा का विरोध भी समझदारी नहीं, पर एक ही विशाल भाषा परिवार की सदस्य भारतीय भाषाओं को एक-दूसरे के मुकाबले खड़ा करने की साजिश तो देश के प्रति अक्षम्य अपराध है।

# मोबाइलफोबिया सरकारी जबरदस्ती का नतीजा

**भारत भूषण श्रीवास्तव**

**बड़े तो बड़े, सरकार और उस की नीतियों ने कैसे बच्चों तक की भी नींद और जिंदगी खराब कर रखी है, यह समझने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं, अपने घरपरिवार, पासपड़ोस या नातेरिश्तेदारी में देख लें. हर कोई यह कहता मिल जाएगा, `क्या करें, हमारा बिट्टू या बबली मानतेसमझते ही नहीं, दिन तो दिन पूरीपूरी रात मोबाइल से चिपके रहते हैं. खूब समझाया, डांटा लेकिन उन के कान पर जूं नहीं रेंगती. हम तो हार गए हैं.' मौजूदा दौर के पेरेंट्स की टौप 5 समस्याओं में पहले या दूसरे नंबर पर यही समस्या निकलेगी जिस का वाकई कोई समाधान नहीं. उन समस्याओं का दरअसल कोई समाधान होता भी नहीं जो सरकार की सरपरस्ती में फलतीफूलती हैं. बच्चों की मोबाइल लत से जुड़ा डर दिखाने वाला मैटीरियल जहांतहां भरा पड़ा है. रोज बहसें होती हैं, मीडियाबाजी होती है, चिंता व्यक्त की जाती है, तरहतरह के सुझाव आतेजाते हैं. लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात निकलता है. समाजशास्त्री, मनोवैज्ञानिक और शिक्षाविद जैसे जिम्मेदार लोग भी बस फूलपत्ते तोड़ कर खुद की जिम्मेदारी पूरी हुई मान लेते हैं. इस बाबत सब से आसान काम है पेरेंट्स को दोषी करार दे देना जो खुद बेचारे बेबसी से बच्चों को स्मार्टफोन की दलदल में धंसते देखते रहते हैं. यह ठीक है कि स्मार्टफोन नाम का आत्मघाती हथियार वे ही बच्चों को खरीद कर देते हैं जो किसी तलवार, त्रिशूल और पिस्टल, गन वगैरह से कम खतरनाक नहीं.**




हथियारों को तो खरीदनेऔर घर में लाने से पहले लाइसेंस लेना पड़ता है पर स्मार्टफोन पर कोई प्रतिबंध नहीं है, उलटे सरकार और उस के साए तले पल रही संस्थाओं ने इसे इतना अनिवार्य बना दिया है कि कोई भी सरकारी काम इस के बिना संपन्न नहीं होता. यानी यह विकट की मजबूरी सभी की बना दी गई है और इसी का नुकसान बच्चों को उठाना पड़ रहा है.अगर स्मार्टफोन पेरेंट्स की मजबूरी हो गया है या बना दिया गया है तो बच्चे भी पेरेंट्स की मजबूरी हैं बिलकुल स्मार्टफोन जैसी ही, जिस से समझौते की कोई गुंजाइश नहीं होती. जिस चीज का मांबाप इस्तेमाल कर रहे हों उस के इस्तेमाल से बच्चे को रोका नहीं जा सकता.

पेरेंट्स की मजबूरी यह है कि बैंक से पैसा निकालो या ट्रांसफर करो तो स्मार्टफोन, औफिस में हाजिरी लगाना हो तो स्मार्टफोन, प्रौपर्टी टैक्स या कोई भी टैक्स भरना हो तो स्मार्टफोन, घरेलू गैस सिलैंडर बुक करना हो तो भी स्मार्टफोन जरूरी है. ड्राइविंग लाइसैंस बनवाना हो तो भी स्मार्टफोन में आता है ओटीपी, कोई टिकट बुक कराना हो तो ओटीपी, कोई पहचानपत्र बनवाना हो तो ओटीपी यानी हर जगह ओटीपी और फिर उस के सत्यापन के लिए भी ओटीपी चाहिए रहता है. यह वनटाइम पासवर्ड लाइफटाइम हो गया है.

**मोबाइल के जरिए सरकारी फंदे**

आइए एक नजर डालें ओटीपी के सरकारी फंदे पर कि यह कहांकहां लगता है. नीचे दी जा रही लिस्ट सिर्फ एक नमूना है क्योंकि मोबाइल के पंजे इस से कहीं ज्यादा फैले हैं.

1. आधार कार्ड अपडेट पर आधारित केवाईसी मसलन मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए,
2 पैन कार्ड आवेदन के लिए,
3. वर्चुअल आईडी अपडेट करने के लिए,
4. पैन कार्ड में सुधार के लिए,
8. राशन कार्ड सब्सिडी आदि पर.
6. आधार पीवीसी कार्ड स्टेटस चैक करने के लिए,
7. डिजी लौकर बनाने के लिए,
4. फिर उस पर लौगिन करने के लिए,
1. इनकम टैक्स रिटर्न भरने के लिए,
10. पैन कार्ड को आधार से लिंक करने के लिए,
11. ईफाइलिंग के बाद वैरिफिकेशन के लिए.
12. पासवार्ड रीसेट करने के लिए,
13. पीएम आवास योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए.
14. उज्ज्वला योजना में रजिस्ट्रेशन के लिए,
15. सीबीएसई की मार्कशीट डाउनलोड करने के लिए.
16. स्कौलरशिप पोर्टल में लौगिन करने के लिए.
17. ड्राइविंग लाइसैंस के लिए आवेदन करने के वक्त.
18. ड्राइविंग लाइसैंस के नवीनीकरण के लिए.
19. व्हीकल के रजिस्ट्रेशन कराने के वक्त.
20. व्हीकल की फिटनैस कराने के वक्त.
21. ईपीएफओ के पीएफ खाते में किसी भी गतिविधि के लिए.
22. यूएएन पोर्टल पर लौगिन करने के लिए.
23. पीएफ खाते की पासबुक देखने के लिए, जो औनलाइन होती है.
24. अपना फंड क्लेम करने के लिए,
2. कृषि योजनाओं के रजिस्ट्रेशन के लिए
26. बिजली विभाग की शिकायत के निबटान के लिए,
27. मूल निवासी प्रमाणपत्र बनवाने के लिए
28. सरकारी नौकरी में आवेदन करने के लिए,
24. लाड़ली लक्ष्मी/लाड़ली बहन योजना के लिए,
30. पासपोर्ट बनवाने के लिए आवेदन करने के वक्त.
31. पासपोर्ट के नवीनीकारण कराने के लिए
32. किसान पहचानपत्र के लिए,
33. बैंक से फंड ट्रांसफर करने के वक्त.
34. जनधन खाता खोलने के लिए,
35. बैंक से लोन लेने के लिए आवेदन करने के वक्त.

यह सूची अधूरी है, सिर्फ नमूने के लिए है. सैकड़ों और जगहों पर मोबाइल की जरूरत पड़ती है सरकार से संपर्क करने में.

**निजी जानकारियों के मिसयूज का खतरा**

इस लिस्ट को ध्यान से देखेंगे तो पता चलेगा कि आप का मोबाइल आप को सुविधा नहीं दे रहा बल्कि आप का सारा कच्चा चिट्ठा सरकार के हाथ में सौंप रहा है. फ्रौड करने वाले उन्हीं ओटीपी को अपना हथियार बनाने लगे हैं जो सरकारीकंप्यूटर हर रोज करोड़ों नागरिकों के स्मार्टफोनों पर भेजते हैं.

जिसे सुविधा माना जा रहा है कि धूलभरे सरकारी दफ्तरों में जाना नहीं पड़ रहा, वह एक सुविधा नहीं बल्कि एक आफत बन गई है. सरकार अब एक नहीं बल्कि सौ सवाल पूछने लगी है क्योंकि उसे इन सवालों को पूछने के लिए अपना अफसर नहीं बैठाना होता है. सरकारी पोर्टल पर आप को एकएक कर के अपनी जानकारी देनी होती है जो आप के आधार कार्ड से मैच करती जाती है.

सरकारी कंप्यूटर सिस्टम में मौजूद आप की फाइल में आप से जुड़ा डेटा ही नहीं बल्कि फोटो भी हमेशा के लिए जमा हो रहे हैं. आप को आभास भी नहीं होगा अगर हर पोर्टल आप की फोटो गैलरी से फोटो डाउनलोड कर रहा हो या आप के डॉक्युमेंट के फोल्डर से फाइलें कौपी कर के अपने सिस्टम में जमा कर रहा हो.सरकार चाहती है कि पेरेंट्स अपने बच्चों को स्मार्टफोन खरीद कर दें ताकि वह उन के हर कदम का हिसाब अपने विशालकाय कंप्यूटरों में रख सके।

सरिता से साभार

## विचार सरिता

# साप्ताहिक डायरी : गगनयात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा और छू लेना आसमान को

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सफलता प्राप्त करने के लिए लंबा सफर तय करना होता है। अनवरत साधना, कड़ी मेहनत और सुनियोजित तैयारी से ही सफलता मिलती है और अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक और इतिहास रचते हुए भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम - 4 मिशन के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुँचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। 1984 में स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा की अंतरिक्ष यात्रा के 41 वर्षों बाद वे भारत के दूसरे नागरिक हैं जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की है। वे अंतरिक्ष में पहुँचने वाले 634 वें अंतरिक्ष यात्री हैं और 14 दिनों के मिशन पर निकले शुभांशु 28 घंटे की यात्रा के बाद भारत का तिरंगा झंडा लेकर 26 जून 2025 को आईएसएस पहुँचे। उन्होंने एक नया सपना गढ़ने की कोशिश कर रहे देश के करोड़ों युवाओं को एक नई प्रेरणा दी है। ऐसे समय में जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान


संगठन इसरो भारत के स्वदेशी गगनयान के माध्यम से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष यात्रा में भेजने के मिशन में जुटा है, शुभांशु की इस यात्रा के अनुभव निश्चय ही अत्यंत उपयोगी और लाभदायक होंगे। शुभांशु ने फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेस एक्स के फाल्कन - 9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल से उड़ान भरी थी। हर भारतीय का यह सपना है कि अब ऐसा प्रक्षेपण भारत के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्री हरिकोटा से भी हो। हमें विश्वास है कि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान संभावित वर्ष 2027 में अवश्य लॉन्च हो और हमारे देश को अपने गगनयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने और उनकी सुरक्षित वापसी में ऐतिहासिक सफलता मिले। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में ऐसी आत्मनिर्भरता अत्यंत आवश्यक है। हमें आप पर गर्व है शुभांशु! आपने आसमान छू लिया है।

### शब्द सामर्थ्य - 096

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 095 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ख | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | ब | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

### सू- दोकू क्र.096

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 095 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## सामयिक चर्चा

### जो मदद करें, वो कैसे सजा दे ?

बानी बोले अफसोस कर
कैसा समय आ गया है गजाधर !
देखो तो, ड्यूटी के दौरान, सरकारी मुलाजिम ने
शराब के नशे में, बदसलूकी की।
नशे में धुत इस आरक्षक महेन्द्र साहू को जब
जांच के लिए जिला अस्पताल लाया गया,
तो उनसे रात्रि अधिकारी प्रभात तिवारी से
धक्का-मुक्की, फिर मारपीट भी शुरू कर दी।
पुलिस विभाग की छवि को
नुकसान पहुँचाने पर,
मालूम गजाधर!
'उसे तत्काल प्रभाव से
सस्पेन्ड कर दिया गया।
इस पर, गजाधर से पहले,
गृहस्थ गिरधारी द्वारा आवेशित होकर,
विचार व्यक्त किया गया
उसे तो नौकरी से,
कर दिया जाना चाहिए बर्खास्त।'
गिरधारी ने तुरन्त कहा - 'सरकार।'
गजाधर दोबारा मुस्कराए, बोले -
'सरकार कैसे बर्खास्त कर सकती है,
वह तो खुद शराब बेचती है यार।'


गिरीश बख्शी

## कविता

### नारी आदि-अंत है

आदि-अंत का आधार है,
यही सृष्टि का भी आधार है।
बिना नारी के कुछ कर पाना सम्भव नही
नारी माँ है, बहन है, पुत्री है, भार्या है।
नारी शक्ति है, नारी पालनहार है,
नारी ही जगत नियंता है, प्रकृति है।
नारी साधना है, अराधना है, उपासना है
यही स्तुत्य है, नारी आदरणीया है।
सम्मानीया है, नारी वंदनीया है
यही जग वंदनीया है, पुज्यनीया है।
नारी देव पूज्या है, नारी सक्ति स्वरूपा है
नारी वरदायिनी है, नारी पालनहार है।
नारी ममता की खान है, महान है
यही शास्वत सत्य है नारी से ही जहांन है।


अशोक पटेल "आशु"
तुस्मा, शिवरिनारायण (छ.ग.)




## राशिफल



आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करेंगे। आपके पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिये दिन ठीक रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। बड़े भाई-बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम से राहत मिलेगी। आप किसी पार्क में घूमने जा सकते हैं।



घरवालों के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभाल लेंगे। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आप घर में किसी कार्यक्रम की तैयारी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई जानकार व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिये सलाह ले सकता है। आप उन्हें निराश नहीं करेंगे।



आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर हो सकता है। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि ले सकते हैं। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है। उनके साथ आप कुछ अच्छी बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं। बूटिक का काम कर रही महिलाओं के लिये दिन अच्छा रहेगा।



आपको अपनी कार्यकुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज आप किसी ओपन मार्केट में शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए। करियर को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। नये कोर्स में एडमिशन के लिये आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है।



आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। आपका दिन अच्छा बना रहेगा। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आपको पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए, इससे आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए।



अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सफल जरूर होंगे। जो लोग शादीशुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं। आपका समय बहुत अच्छा बीतेगा। फर्नीचर का काम करने वाले लोगों का फायदा होगा। आपको कोई बड़ा काम मिल सकता है।



आज के दिन आपको अपने काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। बिजनेस में किसी भी तरह के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। आपको बिना वजह नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिये जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है।



आज आप अपने जीवनसाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर कर सकते हैं। जीवनसाथी से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह भी मिल सकती है। केटरिंग का काम कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा रहेगा। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। घर पर खाली बैठे लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।



आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। आज आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जा सकते हैं। परिवार में खुशहाली और तालमेल बना रहेगा। अगर आपकी संतान विवाह के लायक है, तो उनके लिये कोई अच्छा रिश्ता आ सकता है।



सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों को कुछ परेशानी महसूस हो सकती है। आज आपको ऑफिस में एक्स्ट्रा काम करना पड़ सकता है। आप बच्चों को उचित समय नहीं दे पायेंगे। आपको कमर दर्द की समस्या हो सकती है। स्टूडेंट्स के लिये दिन ठीक-ठाक रहेगा।



जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई वाहन गिफ्ट कर सकते हैं। आपके दिन में ताजगी बनी रहेगी। आप कुछ अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। इससे समाज में आपका नाम होगा। आज सोसाइटी में किसी काम के लिये आपको अपॉइन्ट किया जा सकता है।



आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिल सकती है। आप लवमेट के साथ कहीं मूवी देखने जा सकते हैं। आप घर की सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी कर सकते हैं। आपको अपने घरवालों से पूरा सहयोग मिलेगा।

# किसानों को खाद न मिलते देख कांग्रेसजन खुर्शीपार, रुवातला (कसारी) सोसायटी पहुंचे

### साय सरकार में किसानों को खाद नहीं मिल रहा है- सुरेश सिन्हा



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के मार्गदर्शन में प्रभारी एवं जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव की उपस्थिति में डोगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में सोसाइटी चलो किसान ला खाद देवाबो अभियान के तहत डोंगरगढ़ ब्लॉक के खुर्सीपार, रुवातला, कसारी सोसायटी पहुंचे। जहां अभी तक मात्र एक-एक ट्रक डीएपी आया है। जिस कारण किसानों को अभी तक पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिला है।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि कांग्रेसजन की आने की खबर पाकर कसारी सोसायटी के किसान साथी लगभग 500 की संख्या में पहुंचे थे। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव एवं ब्लॉक संगठन के समक्ष खाद दिलवानें का आग्रह किया गया। साथ ही किसानों ने कहा कि अगर हमें एक-दो दिन के अंदर खाद नहीं मिलता है तो हम कांग्रेस जनों के साथ धरने पर बैठने को तत्पर रहेंगे एवं सभी खाद एक साथ मिले इसके लिए जिले के खाद वितरण करने वाले अधिकारी डीएमओ हिना खान एवं श्री मिश्रा से फोन पर बातकर तत्काल समिति में खाद भेजने कहा गया। उन्होंने आश्वस्त किया कि आजकल में खाद्य भेज दिया जाएगा। ऐसा नहीं होने की स्थिति में कांग्रेसजन किसानों के साथ सोसाइटी में धरने पर बैठेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य एवं प्रभारी महेंद्र यादव, डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जनपद सदस्य मनहरन सिंन्हा, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जयचंद ठाकुर, जोन प्रभारी पंचराम चंदेल, बनाऊ राम जोशी, सेक्टर प्रभारी होंमदत वर्मा, मोतीराम वर्मा, सूरज कौशल सरपंच, गोकुल वर्मा, आशा मंडावी, युवा नेता टीकम सिन्हा, सेवक साहू, दिलीप वर्मा, हुमन कोर्राम सरपंच, तोरण वर्मा धर्मचंद, कृष्णा राम, तिजू राम सिन्हा, बिहारी ठाकुर, दुर्गा नेताम, दयाल दास साहू, चंद्रकुमार निर्मलकर, प्रीतम साहू, नकुल साहू (किसान) एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं किसान साथी उपस्थित थे।

# खाद बीज को लेकर कांग्रेस का कुमरदा में प्रदर्शन

**(राजेश मेश्राम)**



जोंधरा (दावा)। राजनांदगांव जिले में खाद बीज से किसानों को हो रही परेशानी को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कुमरदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल खॉ के नेतृत्व में 30 जून रविवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में तहसील कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवाज खान भी शामिल हुए। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि देश में सबकी भागीदारी अनिवार्य है तभी देश चलता है, पर पूरी दुनिया को जीने के लिए भोजन की आवश्यकता है और वो पूरी करता है। हमारा अन्नदाता हमारा किसान यदि खेतो में हल न चलाये एवं अन्न का उत्पादन न करे तो मानव जाति समूल नष्ट हो जाएगा। इतना सब जानते हुए भी छत्तीसगढ़ में बैठी हुई सरकार समय पर किसानों को खाद, बीज उपलब्ध करवाने में असमर्थ रही है। बुवाई का समय धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहा है, पर अब तक विभागों को ना तो खाद उपलब्ध हो पा रहा है और न ही पर्याप्त बीज जो सरकार अपने आपको किसानों को अपना हितैषी बताती है। उसका पूरा सच इस समय हमारे आखो के सामने दिखाई दे रहा है। वही खुज्जी विधानसभा के सक्रिय जागरूक और संघर्षशील विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि हमारे किसान ही हमारे अन्नदाता है। किसानों के पास न फैक्ट्री है और न ही कृषि के अतिरिक्त कोई व्यवसाय है। इनका सब कुछ कृषि के उत्पादन पर ही निर्भर करता है। समय बदल चुका है, जब खेती सिर्फ गोबर खाद पर की जाती थी। अब खेतों में रासायनिक खादों के उपयोग बिना उत्पादन संभव नहीं है, पर जब किसानों को खाद की सख्त जरूरत है, तब समतियों में खाद ही नहीं है। किसान मानसिक औश्र शारीरिक रूपों से थकते जा रहे है। उन्होंने भाजपा की सरकार को किसान विरोधी बताया। वही ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल खाँ ने कहा कि कांग्रेस का एक इतिहास रहा है, ये हमेशा ही गरीबों की हितैषी रही है। उन्होंने कहा कि जब-जब यहां कि जनता के साथ अन्याय होगा। हमारी पार्टी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विपिन यादव, विजयराज सिंह गिरीश सोनवानी, नरेश शुक्ला, कांति भंडारी, गिरधारी, लालचंद साहू, गणेश पटेल, लक्ष्मीनारायण, अकिल मेमन, सोनू खान, भगतराम, नरेन्द्र कुमार, शरद चंद्राकर, प्रताप धावडे, रामलाल, हीरा भंडारी, प्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### ग्राम कुरुभाट के खेत में फिर दिखा भालू, परहा लगा रहे किसानों में भगदड़ की स्थिति

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम कुरूघाट के ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक माह बाद पुनः भालू ने गांव में दस्तक दी है। उस समय ग्रामीण कृषि कार्य में व्यस्त थे। खेत में परहा लगा रहे किसानों में उसे समय भगदड़ की स्थिति देखी गई। जब पीछे से दौड़ते हुए भालू को मजदूरों ने देखा गया। वन विभाग एसडीओ ने कहा है कि भालू पुनः प्रज्ञा गिरी पहाड़ी की ओर चला गया है। ग्रामीणों को कहना है कि जब तक भालू ग्राम के आसपास मंडराता रहेगा। हमेशा डर बना रहेगा। जिससे किसानी कार्य प्रभावित होगा।



भालू प्रज्ञागिरी पहाड़ी में वापस चला गया - एसडीओ वन विभाग

### टटेंगा स्कूल में शाला प्रवेशत्सव धूमधाम से मनी



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप किशोरी साहू, रमेश सोनवानी, दुलारी देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टूमन साहू, शिव कुमार धर्मगुडे, जागेश्वर, उत्तम साहू, सरपंच दीप्ति साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, रिखी राम साहू, पुरुषोत्तम वासनिक, इंद्राणी हिरवानी, ममता साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। कक्षा 9वीं के सभी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित किया गया। इस अवसर पर अतिथि के द्वारा विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व को छात्र-छात्राओं को पालन करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य आरके देवांगन एवं संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया।

### वन कर्मचारी संघ केसीजी के निर्विरोध अध्यक्ष बने अभिषेक



खैरागढ़ (दावा)। वन कर्मचारी संघ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की जिला इकाई के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जहां अभिषेक देवांगन निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन निर्वाचन अधिकारी कमल यादव जिला अध्यक्ष महासमुंद एवं मनमोहन बारले जिला सचिव रायपुर के मार्गदर्शन में विधिवत किया गया। कार्यक्रम के दौरान आमसभा की सहमति से अभिषेक देवांगन को अध्यक्ष पद के लिये प्रस्तावित किया गया। जिस पर सभी कर्मचारियों ने सहमति जताई। इसके उपरांत उन्हें वन कर्मचारी संघ जिला केसीजी का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक देवांगन ने कहा कि वह सभी कर्मचारी बंधुओं के सहयोग से संघ को मजबूती प्रदान करने तथा कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने संगठनात्मक एकता को प्राथमिकता देते हुए सभी से सहयोग की अपील की। पूर्व प्रांतीय पदाधिकारी हर्ष बहादुर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील पटले का आभार व्यक्त किया गया। कर्मचारियों ने उनके पिछले कार्यकाल के योगदान को सराहा और आशा जताई कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को भविष्य में नई दिशा मिलेगी।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे द्वारा ईव्हीएम वेयरहाऊस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ईव्हीएम के रखरखाव, भवन में बारिश से सीपेज, सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म, अग्निशामक यंत्र सहित सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को वेयरहाऊस में उपलब्ध ईव्हीएम एवं वीवीपैट की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान भाजपा से रघुवीर सिंह वाधवा, इंडियन नेशनल कांग्रेस से कमलजीत सिंह (पिंटू), उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# छुरिया क्षेत्र के किसान बीमा राशि न मिलने से परेशान होकर पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो जगजीत सिंह भाटिया से मिले

### समस्या हल कराने श्री भाटिया ने दिया आश्वासन

छुरिया (दावा)। क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के किसान अपनी वर्ष 2024-2025 के रबी फसल की बीमा राशि न मिलने से परेशान हैं। आज ग्राम खोभा, शिकारी महका, कल्लूटोला, बनियाटोला, मगरधोखरा, मरकाकसा के किसान पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो जगजीत सिंह भाटिया से मिलकर हस्त लिखित आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने अपनी वर्ष 2024-2025 के रबी फसल की बीमा न मिलने की शिकायत करते हुए समय पर बीमा राशि दिलाने की बात रखी।



जिस पर किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जगजीत सिंह भाटिया ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से दूरभाष से सम्पर्क कर किसानों की बीमा राशि न मिलने व खाद की किल्लत की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया कि किसानो की बीमा राशि की समस्या को एक सप्ताह में हल कर दिया जाएगा एवं किसानों की बीमा राशि को हितग्राहियों को अतिशीघ्र डाले जाने की बात कही।

मंत्री के आश्वासन के बाद किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए श्री जगजीत सिंह भाटिया का आभार माना और कहा कि पिछले बार की बीमा राशि समय पर दिलाने में आपके द्वारा किये गये सहयोग को देखते हुए ही हम सब आपके पास फिर आए हैं। हम सबको आप पर पूर्ण भरोसा है कि आप हमारी समस्या को शीघ्र ही हल करवा देंगे। इसमें आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रमुख रूप से ग्राम खोभा से लिलार सिंह मंडावी, देवदास साहू, राजेश्वर, कौशल, ईश्वर लाल साहू, प्रेमलाल साहू, बलवंत दाश, गोपाल साहू, शत्रुहन, खोमन लाल, चैन दास, ग्राम शिकारी महका से नोहर सिंग, नारायण, खेदूराम, पुराणिक कोर्राम, दुकालू राम, ग्राम मगरधोखरा से प्रेम नंदेश्वर, छन्नूराम, संतोष कुमार, शांतनु आदि उपस्थित थे।

# प्रांतीय आह्वान पर शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ का धरना प्रदर्शन

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



डोंगरगढ़ (दावा)। शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान एवं चार सुत्रीय मांग को लेकर धरना शिक्षकों की मांग क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा की गणना कर पेन्शन सहित समस्त लाभ प्रदान करने, पदोन्नति में बीएड प्रशिक्षण की अनिर्वायतः शिथिल कर डी.एड. प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पूर्व की तरह पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान करने, प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से तत्काल पूर्ति करने एवं युक्तियुक्तकरण नियम के तहत हुए पदांकन को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण करने की मांगों को लेकर 1 जुलाई 2025 मंगलवार को प्रातः 11 बजे से तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ के सामने धरना स्थल में धरना प्रदर्शन एवं एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री, वित्तमंत्री, मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, वित्त सचिव, डीपीआई के नाम तहसीलदार एवं जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा गया। विकासखंड स्तरीय धरना में विकासखंड डोंगरगढ़ के शिक्षक साझा मंच के विकासखंड संचालकगण हीरालाल मोर्य व मनीष पसीने, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, जिला संयोजक ओमप्रकाश साहू के साथ रमेश कुमार सिन्हा, डालेश्वर देवांगन, देवेन्द्र कुमार खोबरागड़े राजू लाल कौशिक, राजपूत सर,अनिता देवांगन, दीप्ति राजेनकर, जितेन्द्र डहाट, जनक साहू, मोती लाल ठाकुर, संतोष चक्रवर्ती, मनीष बडोले, गोपाल मानिकपुरी, अंकालू धुर्वे, धरमगुड़े सर, योगेन्द्र साहू, महमल्ला सर, संजय कतलाम, श्याम सर, मनहरण सिंह हंसे, श्रीमती खेमा हंसे, श्रीमती अनीता देवांगन वअधिक संख्या में शिक्षक समुदाय उपस्थित रहे।

# बरगांव शाला प्रवेश उत्सव में पहुंचे जनप्रतिनिधिगण



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार प्रदेश सहित विभिन्न स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव का शानदार आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बरगांव में जनपद प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रतिनिधि की मौजूदगी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव के ऐतिहासिक पल में विवेक मंडावी सभापति जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं सरपंच धनेश्वरी मंडावी ग्राम पंचायत बरगांव, चेतन मानिकपूरी अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, डोमार सिंह मंडावी, शांतनुदास, पूर्व सरपंच सेवाराम खुटियारे, नरेन्द्र निषाद, मूलचंद चंद्रवंशी, देवकुमार, भानुप्रताप साहू, घनश्याम, चिंताराम, नागेश्वर, कांति निषाद, सुलोचना, रीना, मंजू, देवली रामटेके, ताकेश्वरी निषाद, बिंदाबाई, अंजू साहू, नेहा, माधुरी श्रीवास, अमरचंद, बालमुकुंद, अजय कुमार आदि ग्रामीणजन पालक संघ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस दौरान संकुल समन्वयक नीलमणी साहू, रमा भीमटे प्रधानपाठक बरगांव, सरिता यादव, शबाना हासमी, माधव साहू आदि शिक्षकों की उपास्थित रही। प्राथमिक विद्यालय से पहली के छात्रों को मुंह मीठा करने के बाद गणवेश प्रदान कर प्रवेश दिलाई गई। माध्यान्ह भोजन में बच्चों को खीर, पूड़ी, बड़ा के साथ गुणवत्तायुक्त भोजन खिलाया गया।

# जमातपारा का बंद टीबी अस्पताल बना नशेड़ियों का अड्डा, परेशान वार्डवासियों ने थाने में की शिकायत

### असामाजिक तत्वों के कारण महिलाओं का निकलना हुआ मुश्किल



खैरागढ़ (दावा)। नगर के जमातपारा स्थित शासकीय टीबी अस्पताल वर्षों से बंद पड़ा हुआ है। वर्तमान में यह अस्पताल नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का गढ़ बन चुका है। जर्जर भवन में हर शाम नशेड़ियों का जमावड़ा लगता है। जिससे वार्डवासियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। वार्डवासियों का कहना है कि रोज रात बाहर से युवक आते हैं, शराब पीते हैं और तेज गाने बजाते हैं और पटाखे फोड़ते हैं। कई बार महिलाओं के साथ बदसलूकी और अभद्रता की घटनाएं भी हुई हैं। बच्चे डर के मारे नींद से जाग जाते हैं।

भवन के पीछे बने सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करना महिलाओं के लिए असंभव हो गया है। क्योंकि वहां पर मौजूद नशेड़ी अभद्र टिप्पणियां करते हैं और माहौल खराब करते हैं। वार्ड के ही निवासी रिंकू सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले तीन महीनों से यह स्थिति लगातार बनी हुई है। कई बार पुलिस को मौखिक सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की लापरवाही से नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियां खुलेआम बढ़ रही है। स्थिति से परेशान वार्ड के दर्जनों लोग सोमवार को खैरागढ़ थाना पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बंद पड़े टीबी अस्पताल भवन को तत्काल सील करने तथा नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

## महतारी वंदन योजना की 17वीं किस्त जारी, महिलाएं हो रही है आर्थिक रूप से संबल : गीता घासी साहू

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत आज 1 तारीख को माह जुलाई 2025 की 17वीं किस्त का भुगतान जारी कर दिया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश की 69.23 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 647.66 करोड रुपए से अधिक की सहायता राशि उनके खाते में आंतरिक की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए इस योजना की शुरुआत मार्च 2024 में की गई थी अब तक लगातार 17 माह में 11081.68 करोड़ की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदान की जा चुकी है।



राजनांदगांव जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। जिससे महिलाएं आर्थिक में सबल हो रही है।

उन्होंने आगे कहा कि केंद्र के नरेंद्र मोदी और राज्य के विष्णु देव सरकार के प्रयास से प्रधानमंत्री आवास के तहत आज गांव-गांव पक्का मकान का निर्माण किया जा रहा है। गरीबों के सपनों को सरकार करने का कार्य बीजेपी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा लोकतंत्र आधार विकास मूल मंत्र के सिद्धांतों पर कार्य करती है। राज्य सरकार के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और सावरने का कार्य विष्णुदेव साय सरकार द्वारा किया जा रहा है।

# आचार्य श्री विद्यासागर का 58वाँ मुनि दीक्षा स्मृति महोत्सव एवं आदर्शमति माता का 34 वाँ आर्यिका दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया

डोंगरगढ़ (दावा)।श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ द्वारा संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 58वाँ मुनि दीक्षा स्मृति महोत्सव एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता का 34 वाँ आर्यिका दीक्षा दिवस हर्षोलाश के साथ धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आरती हुई। तत्पश्चात 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह का प्रक्षाल कर उनकी महा मनोहर अष्ट द्रव्य से सामूहिक पूजन एवं मंगल आरती की गई। प्रातः 9 बजे श्री दिगम्बर जैन समाज डोंगरगढ़ द्वारा प्रभावना स्वरुप जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। जिसमे सभी वर्ग के लोगों ने काफी उत्साह से साथ बारिश के बीच गुरु के प्रति अपनी भक्ति प्रस्तुत करते हुए भजन, नृत्य, जयकारा के साथ शामिल हुए।

पुरुष एवं महिलाओं द्वारा संगीतमय भजन प्रस्तुत किया गया एवं गुरु देव का जयकारा लगाया गया। वही बाल मंडल के द्वारा मिलट्री ड्रेस में बैंड, ड्रम आदि बजाकर उपस्थित गुरुभक्तों का उत्साह बढ़ाकर जुलूस की शोभा बढ़ाई गई। दोपहर 2 बजे श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का 58वाँ मुनि दीक्षा स्मृति महोत्सव एवं 105 आर्यिका रत्न आदर्शमति माता का 34वाँ आर्यिका दीक्षा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य श्री के समाधी स्थल पर आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षाल कर पूजन एवं भव्य आरती कि गई।



### छात्राओं द्वारा मनमोहक नाटक एवं नृत्य कि प्रस्तुति दी गई

प्रतिभास्थली की छात्राओं द्वारा मनमोहक नाटक एवं नृत्य कि प्रस्तुति दी गई। जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए एवं उपस्थित पालकों को अपने बच्चों कि ऐसी प्रस्तुति देखकर गौरवान्वित हुए। डोंगरगढ़ एवं बाहर से आये डोंगरगांव, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर महिला मंडल के द्वारा भी उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं मुख्य पात्रों के साथ मिलकर सभी भक्तों द्वारा साज-सज्जा युक्त अति सुंदर, मनोरम अष्ट द्रव्य कि थाल आचार्य श्री कि पूजन में अर्घ्य स्वरुप चढ़ाई गई। जिससे उपस्थित गुरु भक्तों में उत्साह का माहोल बन गया और सभी गुरु का जयकारा लगाने लगे।

### समाधी स्मारक लगभग 5 एकड़ भूमि पर बनेगा

इंदौर से पधारे मोनल जैन ने बनने वाले भव्य समाधी स्मारक का ऑडियो-विडियो, प्रेजेंटेशन सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसमे उन्होंने बताया कि यह समाधी स्मारक लगभग 5 एकड़ भूमि पर बनेगा। जिसमे जैन म्युजियम, म्यूजिकल फाउंटेन, आचार्य श्री की फोर डी होलोग्राम से निर्मित वर्चुअल प्रतिमा दिखेगी और एआई द्वारा उनके प्रवचनों के संकलन से उपस्थितजन उनसे जो भी सवाल करेगा। उसका जवाब उसे वहाँ मिलेगा। इस प्रकार कि टेक्नोलॉजी का भारत में पहली बार प्रयोग किया जा रहा है, जो कि हमारे लिए बहुत ही गौरव का विषय है और हमारा परम सौभाग्य है कि हम गुरुजी के समाधी स्मारक को अति भव्य रूप से बनाये। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए चंद्रगिरी के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, कोषाध्यक्ष सुभाषचंद जैन, महामंत्री निर्मल जैन, उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, दिगंबर जैन समाज डोंगरगढ़ के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन, सचिव सुरेशचंद जैन, राजेन्द्र जैन, प्रदीप जैन, नितिन जैन, निशांत जैन, राजेन्द्र जैन, सुशील जैन, सुनील जैन, राहुल जैन, विद्यायतन के ट्रस्टी निखिल जैन, सोपान जैन, अमित जैन, दीपेश जैन, नरेश जैन, सप्रेम जैन एवं सभी सदस्यों ने प्रतिभास्थाली की ब्रह्मचारिणी दीदियों का, सम्पूर्ण जैन समाज का एवं बाहर से आये गुरु भक्तों को सादर अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गई है।

# पहला कॉलम...

## पाकिस्तान में आतंकी हमला, ट्रैफिक पुलिस के 2 कर्मियों का किया कत्ल

पेशावर। पाकिस्तान में कब क्या हो जाए इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फिलहाल, आलम यह है कि यहां आतंक की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर अज्ञात बंदूकधारियों का आतंक देखने को मिल रहा है। अज्ञात बंदूकधारियों ने उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में मंगलवार को कथित तौर पर गोली मारकर दो यातायात पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी। पुलिस ने इस बारे जानकारी दी है।

अज्ञात बंदूकधारियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले में लोंगखेल रोड पर गुल बाज दखन के पास दोनों पुलिसकर्मियों को निशाना बनाया। पुलिस ने बताया कि दोनों पुलिसकर्मियों की तैनाती चौक ताजाजई स्थित यातायात पुलिस चौकी पर थी। पुलिस के अनुसार घटना के समय दोनों अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने हमले में शामिल लोगों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश भी दिए है। सीएम अली अमीन गंडापुर गंडापुर ने पुलिस को इस तरह की घटनाओं के निपटने के लिए सख्त कदम उठाने को भी कहा है।

पाकिस्तान में अज्ञात बंदूकधारियों का यह कोई पहला हमला नहीं है। इसस पहले भी इसी साल मई के महीने में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात लोगों ने सुरक्षा बलों के काफिले पर घात लगाकर हमला किया था। इस हमले में 2 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी और नागरिकों सहित 6 अन्य लोग घायल हुए थे। बंदूकधारियों ने मीर अली कस्बे में सेना को निशाना बनाया था।

## बिग ब्यूटीफुल बिल के खिलाफ एलन मस्क; ट्रंप को दी खुली चेतावनी

वाशिंगटन। दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला-स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी-भरकम टैक्स कट और खर्च बिल की फिर से तीखी आलोचना की है। मस्क ने साफ लफ्जों में कहा कि जो सांसद इस बिल का समर्थन करेंगे, उन्हें अगले साल प्राइमरी चुनाव में हार का सामना करना पड़ेगा। मस्क ने इस बिल को पागलपन और विनाशकारी करार दिया और इसे देश के लिए खतरनाक बताया।

शनिवार को जब सीनेट में इस बिल पर चर्चा हो रही थी, मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सोमवार को अपनी आलोचना को और तेज करते हुए कहा कि जिन सांसदों ने सरकारी खर्च कम करने का वादा किया था, लेकिन इस बिल का साथ दिया, उन्हें शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए।

## अडाणी ग्रीन एनर्जी ने बनाया नया रिकॉर्ड, कंपनी ने स्थापित किया 15,000 मेगावाट से ज्यादा वाला प्लांट

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (त्रश्वरु) ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। कंपनी ने 15,000 मेगावाट से अधिक की परिचालन क्षमता स्थापित कर भारत में अब तक की सबसे तेज और सबसे बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। अब त्रश्वरु की कुल परिचालन क्षमता 15,539.9 मेगावाट हो गई है, जो भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस उपलब्धि पर बात करते हुए, एजीईएल के सीईओ आशीष खन्ना कहते हैं कि 15,000 मेगावाट की उपलब्धि को पार करना बहुत गर्व की बात है। यह उपलब्धि हमारी टीम के फोकस और समर्पण का प्रमाण है। यह हमारे प्रमोटरों के दूरदर्शी नेतृत्व और हमारे निवेशकों, ग्राहकों, टीम और भागीदारों के अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं हो पाता। इस रिकॉर्ड में लगभग 11,005.5 मेगावाट सोलर मॉड्यूल, 1,977.8 मेगावाट विंड टर्बाइंस और 2,556.6 मेगावाट हाइब्रिड (सोलर-विंड मिश्रित) एनर्जी शामिल हैं। त्रश्वरु भारत की पहली कंपनी बन गई है जिसने इतनी बड़ी क्षमता को ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स के जरिए स्थापित किया है। कंपनी ने सिर्फ 15 महीनों में 5,000 मेगावाट से अधिक की क्षमता जोड़ है, जो अडाणी के रैपिड ग्रोथ और टेक्नोलॉजी-आधारित संचालन को दर्शाता है। फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 3,309 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी है। यह किसी भी भारतीय कंपनी द्वारा सिर्फ एक साल में इतना बड़ा रिकॉर्ड बनाना वाली पहली कंपनी है।

## शेयर बाजार, निफ्टी 25,500 स्तर से ऊपर

मुंबई। सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.26 बजे, सेंसेक्स 188.66 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 83,795.12 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 54.80 अंक या 0.21 प्रतिशत बढ़कर 25,571.85 पर था।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी बाजार के नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ, ग्लोबल इक्विटी बाजार का मूड सकारात्मक है और पश्चिम एशियाई भू-राजनीति अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा नहीं है। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, टैरिफ के मोर्चे पर विकास से बाजार प्रभावित होने की संभावना है।

# यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत-ए टीम का ऐलान

## हॉकी इंडिया ने संजय को बनाया कप्तान

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने आठ से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिये 20 सदस्यीय भारत ए पुरूष टीम का एलान कर दिया है। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिये आयोजित किया गया है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है।



हॉकी इंडिया ने कहा, %इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिये भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे।% भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे।

भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो आठ जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा, %यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिये अहम प्लेटफॉर्म होगा जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह के बारे में पता चलेगा।

भारत-ए टीमः

गोलकीपर : पवन, मोहित एच शशिकुमार।

डिफेंडर : प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान)।

मिडफील्डर : पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह।

फॉरवर्ड : अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह।

स्टैंडबाय : अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

# नई खेल नीति को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी, 2047 तक भारत को शीर्ष-5 खेल राष्ट्र बनाना लक्ष्य



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है। यह देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है। नई खेल नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति 2001 का स्थान लेगी। ये भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने तथा 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्टता के लिए एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप प्रस्तुत करेगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है जिसका लक्ष्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है। मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों पर विशेष ध्यान दिया है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए उनका जोर रहा है और नई नीति इसी प्रयास का हिस्सा है।

## चोटिल त्सित्सिपास ने संन्यास लिया

लंदन। एक अन्य पदार्पण करने वाले और फ्रांसीसी क्वालीफायर वैलेंटिन रॉयर भी अगले दौर में पहुँच गए, क्योंकि ग्रीक स्टार स्टेफानोस त्सित्सिपास को सोमवार को पीठ की चोट के कारण विंबलडन के अपने पहले मैच के दौरान संन्यास लेना पड़ा। रॉयर ने ग्रीक खिलाड़ी के खिलाफ 6-3, 6-2 से बढ़त बनाई, जिन्हें पीठ की समस्या के कारण दूसरे सेट में मेडिकल टाइमआउट मिला। पूर्व विश्व नंबर 3 त्सित्सिपास कोर्ट पर 74 मिनट के दौरान कई बार असहज दिखे और अपनी हरकत और सर्विस के साथ संघर्ष करते हुए, अपनी पहली डिलीवरी का केवल 43 प्रतिशत ही बना पाए।

# मुक्केबाज हितेश, सचिन और मीनाक्षी की जीत से शुरुआत



नई दिल्ली । भारतीय मुक्केबाज हितेश, सचिन सिवाच और मीनाक्षी ने सोमवार को विश्व मुक्केबाजी कप में जीत के साथ शुरुआत की। पुरुष वर्ग में हितेश और सचिन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सर्वसम्मत फैसले से जीत हासिल की। इस साल की शुरुआत में विश्व मुक्केबाजी कप के ब्राजील चरण में स्वर्ण जीतने वाले हितेश ने बीलाइन एरिना में लाइट मिडिलवेट वर्ग में चीनी ताइपे के कान चिया-वेई को 5-0 से मात दी।

ब्राजील में कांस्य पदक विजेता सचिन ने लाइटवेट वर्ग में कनाडा के अल-अहमदीह कियोमा-अली पर 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। महिलाओं में मीनाक्षी ने लाइट फ्लाईवेट वर्ग में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन पर 5-0 की एकतरफा जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट वर्ग के रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड की केरी डेविस को 3-2 से हराया। भारत ने ब्राजील में पिछले विश्व मुक्केबाजी कप लेग में छह पदक जीते थे।

# रिकॉर्ड तोड़ 820 रन! 180 साल के क्रिकेट इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा; इस टीम ने किया ऐतिहासिक कारनामा

नई दिल्ली। सरे काउंटी क्रिकेट क्लब ने 30 जून 2025 को इतिहास रच दिया। उन्होंने डरहम के खिलाफ काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन वन के मुकाबले के दूसरे दिन 820/9 रन बनाकर पारी घोषित की। यह क्लब के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा टीम टोटल रहा।





क्रिकेट के इतिहास के 180 साल में पहली बार ऐसा हुआ जब सरे काउंटी क्रिकेट क्लब ने इतना बड़ा स्कोर बनाया। इससे पहले 1899 में 811 रन का विशाल स्कोर बना था। इस तरह 126 साल पुराना रिकॉर्ड जो इसी मैदान पर समरसेट के खिलाफ आया था, वह चकनाचूर हुआ।

दरअसल, इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप खेली जा रही है, जिसमें टीम सरे काउंटी क्रिकेट क्लब ने पहली पारी में 820 रन का स्कोर खड़ा कर पारी घोषित की। इस टीम के 4 बल्लेबाजों ने शतक जड़े और इनमें से एक खिलाड़ी ने तिहरा शतक लगाया। इस दौरान 180 साल के क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला, जब एक टीम ने एक पारी में 800 से ज्यादा रन बनाए। इसी के साथ ये पारी इतिहास में दर्ज हो गई है।

बता दें कि द ओवल में डरहम के खिलाफ खेले गए इस मैच में सरे के सलामी बल्लेबाज डोम सिबली ( ने 475 गेंदों पर शानदार 305 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 29 चौके और 2 छक्के लगाए, जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका पहला तिहरा शतक था। सिर्फ सिबली ही नहीं, टीम के बाकी बल्लेबाजों ने भी इस पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डैन लॉरेंस ने 149 गेंदों पर ताबड़तोड़ 178 रन बनाए, जबकि सैम कर्रन ने 124 गेंदों पर आक्रामक 108 रन बनाए। विल जैक्स ने भी 94 गेंदों पर तूफानी 119 रन जड़े, जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल थे।

दूसरी तरफ, डरहम के गेंदबाजों के लिए यह स्कोरबोर्ड देखना काफी मुश्किल था। जॉर्ज ड्रिसेल ने 45 ओवर में 1 विकेट के लिए 247 रन दिए, जो उनके लिए एक बेहद कड़ा स्पेल था। वहीं, रोड्स 3 विकेट लेकर 131 रन देकर डरहम के सबसे सफल गेंदबाज रहे, लेकिन सरे के बल्लेबाजों के सामने वह फ्लॉप रहे।

सरे की टीम ने पहली पारी को 9 विकेट के नुकसान पर 820 रन बनाकर घोषित कर दी। आज यानी 1 जुलाई 2025 को इस टेस्ट मैच का तीसरा दिन है। दूसरे दिन के खेल तक डरहम की टीम ने 1 विकेट के नुकसान पर 59 रन बनाए। वह अभी सरे टीम से 761 रन पीछे है।

# श्रीलंकाई नौसेना ने सात भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली । श्रीलंकाई नौसेना ने मंगलावर को बताया कि सोमवार रात को उन्होंने सात भारतीय मछुआरों को अवैध मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह एक हफ्ते के अंदर दूसरा मामला है। मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच एक संवेदनशील द्विपक्षीय विषय बन चुका है। श्रीलंकाई नौसेना ने सोमवार रात सात भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके नाव जब्त कर लिए हैं। इन पर श्रीलंका की समुद्री सीमा में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। यह घटना तलाइमान्नार क्षेत्र में हुई और बीते एक हफ्ते में ऐसा दूसरा मामला है। नौसेना ने मंगलावर को यह जानकारी दी।



नौसेना प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए मछुआरों और उनके ट्रॉलर को मन्नार में मत्सय निरीक्षणालय को सौंपा जाएगा। इससे पहले रविवार को आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया था।

भारत और श्रीलंका दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है। यह मछुआरों का मुद्दा दोनों देशों के बीच एक संवेदनशील द्विपक्षीय विषय बन चुका है। कई बार श्रीलंकाई नौसेना के कर्मियों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की है। और द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त भी किया है।

# अगले 2 साल में 40 लाख घरों को सौर ऊर्जा से करेगा रोशन एसबीआई

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े और पुराने बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का आज 70वां स्थापना दिवस है। एक जुलाई 1955 को बैंक की स्थापना की गई थी और आज बैंक 70 साल का हो गया है। आज देशभर में बैंक अपना स्थापना दिवस मना रहा है और इस मौके पर बैंक ने प्लानिंग की है कि बैंक वित्तवर्ष 2027 तक 40 लाख घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करेगा।

बैंक ने रूफटॉप प्रोजेक्ट्स, मॉडर्न ञ्जरू और कस्टमर्स को ढ्ढ बेस्ड सॉल्यूशन्स भी उपलब्ध कराना है। बता दें कि साल 1955 में अपनी स्थापना के बाद से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भारत के विकास लक्ष्यों का समर्थन करता आया है। डिजिटल और ग्रीन इकोनॉमी को प्रेरित करते हुए विकसित हुआ है और आगे भी विकसित हो रहा है।

# डिजिटल इंडिया के 10 साल : एक डिजिटल डिवाइड वाले देश से डिजिटल विश्वगुरु बनने तक भारत की परिवर्तनकारी यात्रा



नई दिल्ली। एक दशक पहले तक जिसे डिजिटल असमानता और सीमित तकनीकी पहुंच के लिए जाना जाता था, भारत ने बीते 10 वर्षों में डिजिटल इंडिया अभियान के जरिए खुद को दुनिया की डिजिटल राजधानी के रूप में स्थापित कर लिया है। 1 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना ने आज देश के करोड़ों नागरिकों को न सिर्फ तकनीक से जोड़ा है, बल्कि शासन, अर्थव्यवस्था और समाज में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई इबारत भी लिखी है।

डिजिटल इंडिया अभियान के तहत आज 95 प्रतिशत से अधिक गांवों में इंटरनेट पहुंच चुका है। 2014 में जहां ग्रामीण टेलीफोन कनेक्शन 37.77 करोड़ थे, वहीं 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 53.66 करोड़ हो गया है। इसके साथ ही, इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2014 में 25 करोड़ से बढ़कर 2025 में 97 करोड़ तक पहुंच गई है। यानी 288 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत अब अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है, जिससे यूके, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देश भी पीछे छूट गए हैं। 2022-23 में डिजिटल अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय आय में योगदान 11.74 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक 13.42 प्रतिशत और 2029ङ्क30 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

भारत की अपनी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आज यूएई, सिंगापुर, फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों में उपयोग हो रही है। 2025 के मई महीने में यूपीआई से 25.14 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड ट्रांजैक्शन हुआ, जो एक मूक क्रांति की गवाही देता है। बिल गेट्स ने भारत की यूपीआई और आधार व्यवस्था को डिजिटल गवर्नेंस का स्वर्ण मानक बताया है। इसके साथ ही, डीबीटी के जरिए अब तक 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे हैं। इस व्यवस्था से सरकार को 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है, जिसमें से अकेले 1.85 लाख करोड़ की बचत खाद्य सब्सिडी से हुई है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**राहुल गांधी का मोदी सरकार पर तंज....**

का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है। यह आर्थिक अन्याय और कॉरपोरेट भाईचारे का एक बर्बर हथियार है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। उन्होंने दावा किया कि ''अच्छे और सरल कर का वादा किया गया था, लेकिन भारत को पांच अलग-अलग दर वाली कर व्यवस्था मिली, जिसे 900 से अधिक बार संशोधित किया गया है। राहुल गांधी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यहां तक कि पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके दायरे में आ गए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि जीएसटी पोर्टल दैनिक उत्पीड़न का स्रोत बना हुआ है। उन्होंने कहा, ''भारत के सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ता एमएसएमई क्षेत्र को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। आठ साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद से 18 लाख से अधिक उद्यम बंद हो गए हैं। नागरिक अब चाय से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक हर चीज पर जीएसटी का भुगतान करते हैं, जबकि कॉरपोरेट सालाना टैक्स छूट में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का आनंद लेते हैं। उनके अनुसार, पेट्रोल और डीजल को जानबूझकर जीएसटी ढांचे से बाहर रखा गया है, जिससे किसानों, ट्रांसपोर्टरों और आम लोगों को नुकसान हो रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, 'गैर-भाजपा शासित राज्यों को दंडित करने के लिए जीएसटी बकाया को भी हथियार बनाया गया है, जो मोदी सरकार के संघवाद विरोधी एजेंडे का स्पष्ट प्रमाण है।' उनका कहना था, 'जीएसटी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का एक दूरदर्शी विचार था, जिसका उद्देश्य भारत के बाजारों को एकजुट करना और कराधान को सरल बनाना था, लेकिन खराब कार्यान्वयन, राजनीतिक पूर्वाग्रह से इस मामले में धोखा दिया गया है।

**प्रति व्यक्ति ऋण बढ़कर 4.80 लाख रुपये....**

बन सकता है। 70 प्रतिशत से अधिक एलटीवी अनुपात वाले उधारकर्ता खातों की हिस्सदारी बढ़ रही है। इसके अलावा निम्न-रेटेड और अधिक ऋणग्रस्त उधारकर्ताओं के बीच जोखिम की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के दौरान की अवधि की तुलना में इन स्तरों में काफी गिरावट आई है। हालांकि दिसंबर 2024 के अंत तक, घरेलू ऋण वर्तमान बाजार मूल्यों पर जीडीपी का 41.9 प्रतिशत था। यह अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमआई) की तुलना में अभी भी अपेक्षाकृत कम है। घरेलू ऋण की व्यापक श्रेणियों में गैर-आवसीय ऋण सबसे अधिक है। यह ऋण मुख्य रूप से उपभोग उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाते हैं। यह मार्च 2025 तक कुल घरेलू ऋण का 54.9 प्रतिशत हिस्सा था। गैर-आवासीय ऋण, जिसे संपत्ति पर ऋण भी कहा जाता है, एक प्रकार का ऋण है जो गैर-आवासीय संपत्ति (जैसे, वाणिज्यिक संपत्ति, कार्यालय स्थान, या औद्योगिक परिसर) को गिरवी रखकर लिया जाता है। रिजर्व बैंक ने दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उधारकर्ताओं की प्रोफाइल, ऋण प्रवृत्तियों और ऋण देने के पैटर्न में बदलाव की निगरानी के महत्व पर जोर दिया है।

**इंडस्ट्री डायलॉग-2 में छत्तीसगढ़ को....**

अधिक सुधार, फास्ट ट्रैक लैंड अलॉटमेंट, ऑटो अप्रूवल प्रक्रिया, और थर्ड जेंडर, पुनर्वासित नक्सली, महिला व एससी-एसटी उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसी नीति के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में रायपुर के नजदीक राज्य का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र घोषित किया है, जो आईटी, फार्मास्यूटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण जैसे क्षेत्रों में विशेष ध्यान देगा। यह SEZ प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर, रियायती दरों पर भूमि, और तेज़ प्रशासनिक अनुमति प्रणाली से सुसज्जित होगा। इसके ज़रिए विदेशी निवेश को भी आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो राज्य के निर्यात आधारित औद्योगिक मॉडल को मजबूत करेगा। नवा रायपुर में शुरू हुई 11,000 करोड़ की सेमीकंडक्टर यूनिट और एआई आधारित डेटा सेंटर पार्क इस बदलाव की स्पष्ट मिसाल हैं। पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा स्थापित यह यूनिट 2030 तक हर साल 10 अरब चिप्स का उत्पादन करेगी। साथ ही, रैकबैंक द्वारा 150 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर भी बन रहा है, जिससे 2,000 से अधिक प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। राज्य का लक्ष्य अब सिर्फ रोजगार सृजन नहीं, बल्कि युवाओं को तकनीकी कौशल से लैस कर चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए तैयार करना है। आज हुए संवाद के दौरान निवेशकों को यह भी बताया गया कि राज्य सरकार ने पर्यटन को औद्योगिक दर्जा दिया है, जिससे बस्तर और सरगुजा जैसी प्राकृतिक व सांस्कृतिक विरासतों वाले क्षेत्रों में पर्यटन के ज़रिए आर्थिक विकास को नया आधार मिला है। नवा रायपुर में 200 एकड़ की मेडिकल सिटी और 142 एकड़ का फार्मा हब भी तैयार किया जा रहा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं, निवेश और रोजगार को नई रफ्तार मिलेगी। इसी दिशा में राज्य सरकार ने 30 जून को 'राज्य लॉजिस्टिक नीति 2025' को भी मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक हब बनाना है। यह नीति खासतौर पर बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी जिलों में लॉजिस्टिक हब, कोल्ड स्टोरेज, ट्रांसपोर्ट सेंटर और एयर कार्गो सुविधाएं विकसित करने पर केंद्रित है। इन क्षेत्रों में निवेश करने वाली कंपनियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान और 40 प्रतिशत तक अधोसंरचना सहायता दी जाएगी। इससे इन जिलों में रोजगार, व्यापार और आर्थिक स्थिरता को अभूतपूर्व बल मिलेगा।

बस्तर, जो एक समय केवल नक्सलवाद से जुड़ा माना जाता था, आज बदलाव की एक नई कहानी लिख रहा है। बीते डेढ़ वर्षों में 435 नक्सलियों को निष्प्रभावी किया गया है, 1,457 ने आत्मसमर्पण किया और 146 को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा कार्रवाई के साथ-साथ सरकार की नियद नेल्ला नार योजना के तहत वहां के गांवों में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। उदाहरणस्वरूप, बेलकापल्ली गांव में 77 साल बाद बिजली पहुंची, और कुख्यात नक्सली कमांडर हिदमा के गांव पुवर्ती में सड़क निर्माण शुरू हो चुका है।

**कांग्रेस सरकार बनी तो आरएसएस पर.....**

पता। उनके लिए सिर्फ मोदी ही राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और पंचायत सचिव हैं। प्रियांक खरगे ने तेजस्वी सूर्या को चुनौती देते हुए कहा- अगर हिम्मत है तो कहिए कि हमें आरएसएस की जरूरत नहीं है। हम (भाजपा) सिर्फ मोदी और नड्डा के नेतृत्व में काम करेंगे। गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में साफ कहा था कि वह बजरंग दल और पीएफआई जैसे संगठनों पर कार्रवाई करेगी जो सांप्रदायिक हिंसा और नफरत फैलाने के आरोपी हैं। प्रियांक पहले भी कह चुके हैं कि जो संगठन कानून तोड़ेगा, शांति भंग करेगा, उस पर कार्रवाई होगी, चाहे वह कोई भी हो। आरएसएस पर दिए इस बयान से कांग्रेस-भाजपा के बीच वैचारिक टकराव तेज हो गया है। आगामी चुनावों में यह मुद्दा दोनों पार्टियों के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कांग्रेस पर हिंदू विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप लगाया है। वहीं कांग्रेस इस बयान को संविधान और सामाजिक समरसता की रक्षा से जोड़कर पेश कर रही है।

**सुप्रीम कोर्ट में लागू हुई एससी.....**

कि मॉडल आरक्षण रोस्टर को सुपनेट (सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक ईमेल नेटवर्क ) पर अपलोड कर दिया गया है और उसे 23 जून 2025 से प्रभावी बनाया गया है। इसके अलावा यह भी सूचित किया जाता है कि रोस्टर या रजिस्टर में गलतियों या अशुद्धियों के बारे में किसी भी कर्मचारी द्वारा आपत्ति या प्रतिवेदन की स्थिति में , वे रजिस्ट्रार भर्ती को इसकी जानकारी दे सकते हैं। आरक्षण नीति लागू होने के रोस्टर के मुताबिक, शीर्ष अदालत में अनुसूचित जाति वर्ग के कर्मचारियों को 15 फीसद और अनुसूचित जनजाति वर्ग के कर्मचारियों को 7.5 फीसद कोटा मिलेगा। नीति के मुताबिक आरक्षण का लाभ रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायकों, सहायक पुस्तकालयाध्यक्षों, कनिष्ठ न्यायालय सहायकों और चैंबर अटेन्डेंट को उपलब्ध होगा। शीर्ष अदालत के कर्मचारियों की सीधी भर्ती में आरक्षण मॉडल रोस्टर डीओपीटी के सीधी भर्ती के संदर्भ में दिनांक 02.07.1997 के कार्यालय ज्ञापन आरक्षण के आधार पर और सर्वोच्च न्यायालय के अधिकारी एवं सेवक (सेवा एवं आचरण की शर्तें) नियम, 1961 के नियम 4ए में आरक्षण का 200 प्वाइंट मॉडल रोस्टर जारी किया गया है।

**ट्रम्प बोले-सब्सिडी बंद की तो मस्क को....**

की इजाजत मिल गई। दो रिपब्लिकन सीनेटरों ने प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। वोटिंग के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस मौजूद थे क्योंकि टाई की स्थिति में उनके वोट करने की जरूरत पड़ सकती थी। ट्रम्प टैक्स और खर्च में कटौती करने वाले इस बिल को 4 जुलाई से पहले पारित कराना चाहते हैं। ट्रम्प और मस्क दो महीने पहले 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। ट्रम्प का दावा है कि यह 'देशभक्ति से भरा हुआ' कानून है। इसके पारित होने से अमेरिका में निवेश बढ़ेगा और चीन पर निर्भरता घटेगी। जबकि मस्क इसे पोर्क फिल्ड यानी कि बेकार खर्चों से भरा बिल मानते हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर मस्क को सरकारी खर्च में कटौती के लिए DoGE डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी दी थी। ट्रम्प ने राष्ट्पति चुनाव जीतने पर मस्क को सरकारी खर्च में कटौती के लिए DoGE डिपार्टमेंट की जिम्मेदारी दी थी। ट्रम्प ने मस्क को पागल बताया, तो मस्क बोले ट्रम्प एहसान फरामोश

**दावे खोखले, हकीकत इससे काफी.....**

जो बढ़कर मार्च 2024 में 23,297 करोड़ हो गया। इसी तरह एमटीएनएल का कर्ज 14,210 करोड़ से बढ़कर 33,568 करोड़ पहुंच गया। खरगे ने दावा किया कि देश में 15 साल से ऊपर की उम्र के 75.3 प्रतिशत लोग कंप्यूटर चलाना नहीं जानते। ग्रामीण क्षेत्रों में यह आंकड़ा 81.9 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 60.4 प्रतिशत है। उन्होंने यह भी कहा कि 7 करोड़ मनरेगा मजदूरों को आधार आधारित भुगतान की शर्त के कारण स्कीम से बाहर कर दिया गया। खरगे ने कहा कि देश के 54 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में इंटरनेट कनेक्शन नहीं है, 79 प्रतिशत के पास डेस्कटॉप नहीं, 85 प्रतिशत में प्रोजेक्टर नहीं और 79 प्रतिशत के पास स्मार्ट क्लासरूम नहीं है। इसके अलावा खरगे ने दावा किया कि 2020 से 2024 के बीच साइबर अपराधों में 76.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2020 में जहां 11.58 लाख साइबर केस थे, वहीं 2024 में यह संख्या 20.41 लाख के पार पहुंच गई। डिजिटल अरेस्ट स्कैम जैसे साइबर अपराध 2022 से 2024 के बीच तीन गुना बढ़े, और इनमें खोया गया पैसा 21 गुना बढ़ा। इसके साथ ही खरगे ने यह भी कहा कि यूपीए सरकार ने ही 2009 में नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की स्थापना की थी, जो यूपीआई जैसी डिजिटल सुविधाएं संचालित करता है।

# खेलो से संघर्ष और मेहनत से लक्ष्य तक पहुंचने की प्रेरणा मिलता है - अतुल रायजादा

**ऑल इंडिया में 37, ईस्टजोन में 34, ओपन नेशनल में 5 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया**



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के वार्षिक क्रीड़ा वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उक्त बातें जनभागीदारी अध्यक्ष अतुल रायजादा के द्वारा कही गई। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अतुल रायजादा कार्यक्रम के अध्यक्ष, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि डॉ.शैलेन्द्र सिंह तथा अन्तर्राष्ट्रीय बेसबॉल खिलाड़ी नेहा मरकाम थी। रायजादा ने यह कहा कि खेलों में इंसान धैर्य, अनुशासन और ईमानदारी जैसे गुण भी आते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य गुप्ता ने कहा है कि आज कल खेलों में उज्जवल कैरियर की संभावनाएं है खिलाड़ी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते है, खिलाड़ियों के लिये खेलों में जुड़ी अन्य भूमिकाएं जैन कोचिंग मैनेजमेंट, पत्रकारिता, फिजियो आदि भी उपलब्ध है। विशिष्ठ अतिथि डॉ.शैलेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय के खेल इतिहास पर प्रवेश डाला और कहा कि महाविद्यालय से अनेक अन्तर्राष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने किया है, महाविद्यालय का क्रीड़ा इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। आप सभी इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाये तथा महाविद्यालय का नाम रोशन करें। विशिष्ठ अतिथि नेहा मरकाम ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा कहा कि खेल संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के साधन भी है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्रीड़ा अधिकारी अरूण चौधरी ने बताया कि सत्र 2024-25 में ऑल इंडिया में 37, ईस्टजोन में 34, ओपन नेशनल में 5 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया। प्रमुख खिलाड़ी मनोज सिंह सेंगर, गुलशन सिन्हा बॉडी बिल्डिंग, योगा में दीक्षा एवं श्रुति ताम्रकार, वेटलिफ्टिंग सोनाली यदु ने अखिल भारतीय सतह पर पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त बास्केटबॉल में योगिता यादव, फुटबॉल सुर्याश सिंह राजपूत, श्रीवर्धन सिंह राजपूत, अंश यादव ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। खेलो इंडिया में 09 खिलाड़ियो ने अपनी भागीदारी दी। साफ्टबाल में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु नोलेन्द्र पटेल का चयन भारतीय टीम में हुआ। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा वार्षिक खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.अनिता शंकर, डॉ.नीलू श्रीवास्तव, डॉ.शंकरमुनि राय, डॉ.के.के.देवांगन, डॉ.बी.एन.जागृत, तथा जनभागीदारी समिति के सुमीत आजमानी, चिंटू सोनकर, कमलेश प्रजापति, शालू वर्मा, अमितेश झा, संतराम वर्मा, रामू पाटिल उपस्थित थे।

# जिले में पहली बार भव्य शतरंज प्रतियोगिता, सांसद प्रतिनिधि बोले- शतरंज जीवन की रणनीति सिखाता है

**खैरागढ़ (दावा)। जिला शतरंज संघ के बैनर तले जिले में पहली बार भव्य स्तर पर चैंपियन सीप शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन विवेकानंद पब्लिक स्कूल के हाल में आयोजित किया गया। रविवार को हुए शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**



इस जिला स्तरीय चैंपियन सीप शतरंज प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवन में धैर्य, दूरदर्शिता और रणनीति का पाठ पढ़ाने वाला साधन है। उन्होंने कहा कि ''ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। आने वाले समय में जिले से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के शतरंज खिलाड़ी निकलेंगे, यही उम्मीद है।''

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह 'बोनी' ने की, मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल भाजपा महामंत्री ऋषभ सिंह, बजरंग दल के सह संयोजक उत्तम दशरिया, जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह, विवेकानंद पब्लिक स्कूल की प्राचार्य पूजा मैम और विना रंगडाहले मैम उपस्थित रही। यह जिला स्तरीय चैंपियन सीप शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, वरिष्ठ पत्रकार एवं संघ के उपाध्यक्ष यतेंद्रजीत सिंह, सचिव राकी देवांगन, कोषाध्यक्ष जाहिद अली के द्वारा आयोजित कराया गया। मंच संचालन व आभार वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी अनुराग तुरे ने की।

दुर्ग जिला शतरंज संघ के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मकसद जिले में शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को बढ़ावा देना है, ताकि युवा मानसिक रूप से भी मजबूत बनें। बड़ी संख्या में पहुंचे खिलाड़ियों ने अपने मैच खेलकर दर्शकों को प्रभावित किया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा और आगे भी इसी तरह नियमित आयोजन कर जिले की प्रतिभाओं को अवसर दिए जाएंगे।

जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, उपाध्यक्ष यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू', सचिव राकी देवांगन, कोषाध्यक्ष शेख जाहिद, जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह, निर्णायक अनिल शर्मा दुर्ग, सह-निर्णायक सुरेश होता उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम

तिलईरवार (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर प्राचार्य महोदय श्री ए.के. यदु सर के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा संचालित किया गया।



इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को शराब, अफीम, गांजा, बीड़ी, सिगरेट एवं ड्रग्स आदि के दुष्प्रभाव एवं दुष्परिणाम के प्रति जागरूक किया गया और जागरूकता अभियान चलाया गया। यह भी बताया गया कि नशा आज नाश का कारण बन गया है। आज गांव हो या शहर हो छोटे-छोटे युवा वर्ग भी नशीले पदार्थों के सेवन से इस दलदल में फंसते चले जा रहे हैं। छात्र-छात्राओं को स्वयं तथा परिवार और आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने के लिए आह्वान भी किया गया। आज नशे से दूर रहने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी स्वयं को करना है। अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा शपथ दिलवाया गया और इसके लिए जागरूकता अभियान अपने गांव अपने आसपास चलाने हेतु प्रेरित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय अशीम कुमार यदु, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती रेखा मुरकुटे, श्रीमती सरोज भुवार्य, थंगेश्वर कुमार साहू, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लीलहारे, पालक राम वर्मा, आदि सभी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के द्वारा किया गया।

# कलेक्टर ने किया मुण्डाटोला प्राथमिक शाला का निरीक्षण




**प्रयांशु ने सुनाया पहाड़ा भोजकुमारी ने भरे सही उत्तर कलेक्टर ने की सराहना**

गंडई पंडरिया (दावा)। तहसील गंडई क्षेत्र के ग्राम मुंण्डाटोला स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का आज कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की स्थिति, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों के वितरण की जानकारी ली और समय पालन की जांच की। शाला में पदस्थ शिक्षक भिखेंद्र कुमार जंघेल ने बताया कि प्रधान पाठक की ड्यूटी पूरक परीक्षा में लगी है।

विद्यालय में कुल 68 दर्ज बच्चों में से 66 विद्यार्थी उपस्थित थे, जो कि उपस्थिति के लिहाज से संतोषजनक है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने कक्षा पाँचवीं के छात्र प्रयांशु मेरावी से 8 का पहाड़ा सुनाने कहा। प्रयांशु ने बिना रुके पूरे 8 का पहाड़ा सही-सही सुनाया, जिससे प्रभावित होकर कलेक्टर ने तालियां बजाकर उसकी सराहना की। वहीं, कक्षा चौथी की छात्रा भोजकुमारी धुर्वे द्वारा हिंदी अभ्यास पुस्तिका में 'स्वयं' और 'पलकों' से संबंधित भरे उत्तरों को देखकर भी उन्होंने उसकी प्रशंसा की। कलेक्टर ने विद्यालय की दीवारों पर बनी रंग-बिरंगी चित्रकारी (वॉल पेंटिंग) को सराहते हुए कहा कि ऐसी पहल से विद्यालय का वातावरण आकर्षक और प्रेरणादायक बनता है। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल परिसर और शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित स्कूल वातावरण बच्चों की पढ़ाई में सकारात्मक भूमिका निभाता है।

# शिक्षा ही समाज और व्यक्ति के विकास की कुंजी है




देवादा में शाला प्रवेश उत्सव में रोहन साहू को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। 27 जून को शासकीय प्राथ. एवं पू. मा. शाला देवादा में शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। सभी गुरुजनों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक व पुष्पहार से स्वागत किया गया।

सभी बच्चों को गणवेश, पुस्तकें और स्टेशनरी निःशुल्क वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुई। बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत और नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के तहत पौधारोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख ने सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता और शिक्षकों पर विश्वास जताया। सरपंच श्रीमती लक्ष्मी दुर्गेश साहू ने न्योता भोज व शैक्षिक सामग्री भेंट की। नवाचारी पहल की साथ ही रोहन साहू पिता राजू साहू पूर्व सरपंच कोपेडीह द्वारा फोटो कॉपी प्रिंटर मशीन शाला परिवार को भेंट किया। जिन्हें शाला परिवार द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती वेदना गोपी देशमुख, राम देशमुख उपसरपंच, श्रीमती मंगलाबती प्रधान पाठिका टेड़ेसरा, भारतीय सैनिक गजेंद्र देशमुख, जानेश्वर साहू, गिरीश पटेल, दीपेश सिन्हा, भारतीय वायु सैनिक डोमेश्वर देशमुख भारतीय रेलवे कर्मचारी यशवंत देशमुख, लक्ष्य कंप्यूटर के डायरेक्टर मोतीलाल सिन्हा, सहायक शिक्षक हिमेंद्र साहू, ओपेंद्र साहू, छोटूराम देशमुख, छन्नूलाल यादव एवं प्रयास मित्र मंडल एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, गांव के नागरिकों, पालकों और अतिथियों ने उत्सव की गरिमा बढ़ाई।

प्रधान पाठक कन्हैया लाल साहू एवं आई. के. मानिक एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित साहू ने किया। यह आयोजन शिक्षा के प्रति जागरूकता और सरकारी स्कूलों पर विश्वास बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रहा।

# समाजसेवी संस्था रीड यूथ सोसायटी की तीसरी वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। राज्य स्तरीय सामाजिक संस्था रीड यूथ सोसायटी राजनांदगांव जिले में लगातार समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न विषयों में सक्रिय योगदान दे रहे है। संस्था के सदस्य जिला प्रशासन राजनांदगांव एवं यूनिसेफ द्वारा संचालित युवोदय कार्यक्रम में भी शामिल होकर शिक्षा, पोषण, स्वच्छता जैसे अन्य विषयों में लगाते जन जागरूकता कार्य में योगदान दे रहे है।

लगातार समाज सेवा के कड़ी को आगे बढ़ाने और विभिन्न गतिविधियों को व्यवस्थित तरीके से करने कार्य योजना एवं नवीन कार्य योजना तैयार करने प्रमुख प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान वर्ष भर के कार्यों की कार्य योजना तैयार किया गया। साथ ही बारिश के दौरान 1000 पौधा लगाने के संकल्प को पूरा करने का प्लान तैयार किया गया। शिक्षा, पोषण स्वच्छता, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ अन्य विषयों में जन जागरूकता कार्यक्रम को व्यवस्थित और विशेष जोर देकर कार्य करने की कार्य योजना तैयार किया गया।

# बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा जल संरक्षण, वृक्षारोपण ब्रह्मांड कल्याण हेतु व अन्य धार्मिक विषयों पर बैठक सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। विगत 4 वर्षो से बागेश्वर धाम मंदिर में श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा शिव जी की भक्तिमय, भावपूर्ण, जन कल्याण हेतु कांवड़ यात्रा, शिवभक्तों द्वारा मिलकर निकाली जाती है। जो कि परंपरानुसार वर्ष 2025 में भी पवित्र सावन माह में 14, 21, 28 जुलाई व 04 अगस्त को निकाली जावेंगी। जिस हेतु आयोजन की रूपरेखा विषय थीम हेतु आवश्यक बैठक बागेश्वर धाम उत्सव भवन में आयोजित हुई।



उक्त जानकारी देते हुए बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, राकेश ठाकुर, सूरज गुप्ता, भावेश अग्रवाल, राजेश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल, मयंक शर्मा ने बताया कि बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा जो कि धार्मिकता, सामाजिक संदेश, राष्ट्र प्रेम वीर सैनिकों, जनकल्याण, खेलो खिलाड़ियों के प्रोत्साहन, नारी शक्ति, राष्ट्र ध्वज तिरंगा, रक्षाबंधन आदि विषय थीम पर निकाली जाती रही है जिसका, उद्देश्य, धार्मिकता के साथ जनकल्याण देश के समाज के सम-सामायिक विषयों का संगम कर जन समान्य के कल्याण हेतु भी रहता है।

बैठक का संचालन करते हुए पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष बागेश्वर धाम में प्रमुख रूप से हरित कांवड़ यात्रा ब्रम्हाण्ड के कल्याण के लिए निकाली जावेगी, जिसके नाम से ही विदित है कि देश हरा-भरा रहें जलवायु ब्रम्हांड का संतुलन रहें। वर्तमान में जो कि अनिवार्य रूप से आवश्यक है। जल ही जीवन है, जल संरक्षण करें, वृक्ष लगाओं जीवन बचाओं, राक्षस रूपी प्लास्टिक का उपयोग न करें। इस प्रकार संपूर्ण ब्रम्हाण्ड की सुरक्षा के भाव व संदेश से यह हरित कांवड़ यात्रा निकाली जावेगी। जिसमें वक्ताजनों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु साव, राकेश ठाकुर, शनिधाम, राजेश गुप्ता वैश्य समाज, श्रीमती किरण अग्रवाल समाज सेवी, गायत्री परिवार के हरीश गांधी, पयार्वरण संरक्षक से निंकुज सिंघल, मनोहर चंदेल, मयंक शर्मा, बालरत्न मंच से सौरभ खंडेलवाल, श्रीमती आशा गुप्ता, शरद गुप्ता (दाऊजी), कृष्ण गुप्ता, कसौंधन वैश्य समाज से समाज सेवी शैलेन्द्र तिवारी, अधिवक्ता नारायण कन्नौजे, कैलाश हुका, नवीन अग्रहरि अग्रहरि समाज से, राजेश शर्मा पूर्व सैनिक संघ से, आदि ने अपने-अपने विचार रखें तथा सावन माह को पूर्ण भक्तिभाव से मनाने का निर्णय लिया।

दो भागों में चली बैठक का आभार प्रदर्शन सूरज गुप्ता, सौरभ गुप्ता द्वारा किया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से वेणु गोपाल सारडा, महेश शर्मा श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, अजय गुप्ता, हरिश भानुशाली, जतिनभाई पटेल, श्रीमती शीतल पटेल, दिनेश अग्रवाल, श्रीमती अन्नु गुप्ता, हरीप्रसाद गुप्ता, रूपनारायण गुप्ता, श्रीमती मीना गुप्ता, यशोदा गुप्ता, अरूणा गुप्ता, शोभा गुप्ता आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। उक्त जानकारी बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

# सुंदरा हाईस्कूल में राष्ट्र भाषा हिन्दी पर प्रचार-प्रसार एवं भाषा संवर्धन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगाँव के द्वारा 30 जून को शासकीय हाईस्कूल सुन्दरा में राष्ट्र भाषा हिन्दी पर प्रचार -प्रसार एवं भाषा संवर्धन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विद्यालय के मुख्य अध्यापक द्वारा राष्ट्र भाषा हिन्दी पर प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डालते हुए कहा हम सब हिन्दी को अच्छी तरह से बोल सकते है और कोई साहित्यिक रचना भी कर सकते है इसलिए हमें हिन्दी का अधिक उपयोग करना चाहिए। इसी कड़ी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे हिन्दी भाषा पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा हिन्दी हमारी दिलों की भाषा है, हिन्दी न्यारी-प्यारी भाषा है जिसका हमें सम्मान कर उपयोग में लाना चाहिए, जिससे हिन्दी विश्व स्तर में पहुंच सकें।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान बनी जनजातीय सशक्तिकरण की मिसाल, 2340 नागरिकों को मिला आधार समाधान



**धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान से आदिवासी अंचलों में डिजिटल क्रांति, आधार संचालक लखन लाल साहू को मिला आधार एक्सीलेंस अवॉर्ड**

मोहला (दावा)। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय समुदाय के जीवन में आशा की नई किरण बनकर उभरी है। इस योजना के अंतर्गत लगाए जा रहे शिविरों के माध्यम से दूरस्थ अंचलों तक आधार से संबंधित सेवाएं पहुँचाई जा रही हैं, जिससे हजारों नागरिकों को घर के पास ही राहत मिल रही है।

अब तक जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से 2340 से अधिक जनजातीय नागरिकों को आधार कार्ड बनाया, अद्यतन एवं समस्याओं का समाधान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इससे यह स्पष्ट होता है कि धरती आबा योजना केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के लिए एक डिजिटल सशक्तिकरण अभियान बन गई है। जिले के आधार सेवा संचालक लखन लाल साहू को एलडब्ल्यूई जिला अंतर्गत राज्य में बेस्ट परफामिंग आपरेटर इन आधार इनरॉलमेंट एंड अपडेट सर्विसेस इन एलडब्ल्यूई डिस्ट्रीक्ट ऑफ छत्तीसगढ़ स्टेट, यह पुरस्कार यूआईडीएआई रिजनल ऑफिस हैदराबाद द्वारा 20 जून 2025 को रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया।

धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत नागरिकों को डिजिटल सेवा आधार, आय, जाति, निवास, बिजली की बिल भुगतान, गैस रिफिलिंग, ट्रेन टिकट, बैंकिंग, किसानों का फसल बीमा, किसान पंजीयन, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेन कार्ड, आदि सेवाएं जनजातीय समुदाय के नागरिकों को धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान शिविर में ग्राम स्तर पर ही मुहैया हो रहा है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान आज ग्राम विकास, जन सुविधा और डिजिटल समावेश का प्रतीक बन चुकी है।

# विष्णुपुर सड़क के संबंध में उप-सरपंच भागवत वर्मा द्वारा विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह को सौंपा मांग पत्र



डोंगरगढ़ (दावा)। ब्लाक के ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर से ग्राम पंचायत खुर्शीपार जाने हेतु सड़क की कोई उचित व्यवस्था नहीं है जिसके कारण बरसात के दिनों के विष्णुपुर की जनता को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है व 10 से 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

जनता यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन व अन्य सुविधाओं से वंचित हो रहे किसान व मजदूर परेशान हैं इन सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ शासन पुर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ.रमन सिंह से सौजन्य भेंट कर विष्णुपुर से खुर्शीपार पहुंच मार्ग को पक्की सड़क निर्माण कराने मांग किया गया। विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा आश्वासन दिया गया की सड़क निर्माण का कार्य जल्द ही प्रारंभ कराएंगे।

# किशन शोरी जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु चयनित



**सुदूर वनांचल के ग्राम मड़ियानवाड़वी के होनवार विद्यार्थी के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अंचल में हर्ष व्याप्त**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर एवं अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल एवं जिले के अंतिम सीमा पर स्थित आदिवासी बहुल तथा सुविधाविहीन ग्राम मड़ियानवाड़वी के अत्यंत होनहार विद्यार्थी किशन शोरी का शिक्षा सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित हुआ है। जिले के सुविधाविहीन एवं दूरस्थ क्षेत्र के एक बहुत ही साधारण परिवार के इस होनहार विद्यार्थी के जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल जैसे अत्यंत प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में चयन होने पर अंचल में हर्ष व्याप्त है। अंचलवासियों ने छात्र किशन की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि छात्र किंशन शोरी के पिता लखन शोरी पटवारी के पद पर अंबागढ़ चैकी तहसील के कौड़ीकसा हल्का में पदस्थ है। इसके अलावा वे पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष के अलावा आदिवासी समाज के प्रमुख पदों का भी निर्वहन कर रहे हैं। किंशन एवं उनका परिवार बहुत ही सामान्य परिवार से ताल्लुक रखते है। उनके पिता लखन शोरी घोर गरीबी एवं कठिनाईयों का सामना करते हुए आज इस मुकाम पर पहुँचे हैं। किंशन के इस उपलब्धि के पीछे उनके पिता लखन शोरी एवं उनके परिवार के कठोर मेहनत, समय का सदुपयोग एवं शिक्षा के प्रति असीम अनुराग का प्रतिफल है।

छात्र किंशन के इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की सराहना करते हुए अंचल के लोगों ने कहा कि शिक्षा के प्रति अनुराग तथा निरंतर मेहनत, समय का सदुपयोग एवं सकारात्मक सोच, तमाम विपरित परिस्थितियों के बाद भी व्यक्ति को जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रदान कर सकती है।

# रेत उत्खनन के एक और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े, रिमांड में भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। शहर के ग्रामीण वार्ड मोहड़ में गत दिनों हुई अवैध रेत उत्खनन व गोलीबारी की घटना के एक और आरोपी पुलिस ने धर दबोचा है। आरोपी कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उम्र 24,वर्ष को पुलिस ने मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ लाया है। आरोपी के पास से देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

बता दें कि बसंतपुर थाना क्षेत्र में बीते दिनों घटी अवैध रेत उत्खनन व फायरिंग की घटना के संबंध में थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि गत 11 जून की देर शाम लगभग 7:00 से 7:30 बजे के बीच ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। जिसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुचे जहां कार में सवार 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणो से मारपीट करते हुए फायरिंग किये थे की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे विभिन्न धाराओं के सहित 25, 27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

श्री साहू ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में स्वयं उनके सहित सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, थाना प्रभारी घुमका बसंत बघेल, सायबर सेल उप निरीक्षक कैलाश मरई एवं ओ.पी. चिखली प्रभारी उमेश बघेल की संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी एवं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग जगह इनके विभिन्न ठिकाने उत्तर प्रदेश झॉसी, नागपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना आदि जगहों में दबिश दे रही थी। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवति निषाद पिता परदेशी,वार्ड पार्षद संजय रजक पिता शंकर लाल रजक, अभिनव तिवारी पिता केशर तिवारी सोमनी, मध्यप्रदेश ग्वालियर क्षेत्र के अतुल सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर, जितेन्द्र नारौलिया पिता जवाहर शर्मा, अमन सिंह परिहार पिता सुनील सिंह परिहार, अभय सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर को भोपाल को गिरफ्तार कर तथा राजनांदगांव लाकर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल भेज दिया गया है।



आरोपी से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

### पुलिस के गिरफ्त में आया आरोपी

पुलिस टीम द्वारा मध्यप्रदेश क्षेत्र से गिरफ्तार कर के लाए गए फरार आरोपी के संबंध में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि उक्त प्रकरण के विवेचना के दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पतासाजी गठित टीम द्वारा की जा रही थी। इस दौरान घटना में संलिप्त आरोपी कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर उर्फ गोलू दनगस पिता हरेन्द्र गुर्जर उम्र 24 साल निवासी डी.डी. नगर शताब्दीपुरम थाना महराजपुर जिला ग्वालियर मप्र को ग्वालियर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया।

### प्रकरण के अन्य आरोपियों को धर दबोचने जुटी हुई है पुलिस

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग देशी कट्टा एवं 1 नग जिंदा कारतूत तथा महिन्द्रा एक्सयूव्ही 300 क्रमांक एमपी 33/सी 9084 जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि प्रकरण केस के आरोपी कृष्णा गुर्जर आदतन बदमाश प्रवृत्ति का है, जिसके विरूद्ध मध्यप्रदेश में पूर्व से बहुत से अपराध पंजीबद्ध है। बताया जाता है उक्त प्रकरण के अन्य आरोपियों को धर दबोचने के लिए अलग-अलग लगी पुलिस टीम मामले से संबंधित संजय सिंह बघेल व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सरगर्मी से पता तलाश में जुटी हुई है।

# जिले में 165 पदों पर नियुक्ति से स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगी गति : डॉ. रमन

- 0 डॉक्टर्स डे पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए शहर को मिले विभिन्न पदों पर 165 डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्यकर्मी
- 0 स्वास्थ्य सूचकांक को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें
- 0 विधानसभा अध्यक्ष ने सफलतापूर्वक एवं निर्विवाद भर्ती के लिए जिला प्रशासन को दी बधाई
- 0 संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, कुपोषण को दूर करने के लिए करें कार्य



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला पंचायत राजनांदगांव के सभाकक्ष में संविदा पदों के नियुक्ति आदेश वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को डॉक्टर्स डे की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरों को जोड़ा गया तथा स्वास्थ्य के मापदण्डों के तहत शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर तथा कुपोषण की समीक्षा के दौरान यह देखा गया कि स्वास्थ्य सूचकांक में कमी आयी है। स्लम बस्तियों में शासन की विभिन्न योजनाओं को पहुंचाने के लिए कार्य किया गया। रायपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे शहरों की स्लम बस्तियों में ध्यान केन्द्रित करते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, टीकाकरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, कुपोषण को दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में अब इसका असर दिखाई दे रहा है। शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत राजनांदगांव जिले में व्यापक पैमाने पर नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य विभाग में इतनी बड़ी भर्ती पहले नहीं हुई है। स्वास्थ्य विभाग में 165 विभिन्न पदों पर भर्ती की गई है। जिसमें एएनएम के 21, नर्सिंग ऑफिसर के 54, रेडियोग्राफर 6 सहित विभिन्न पदों पर भर्तियां की गई है। एक अच्छे उद्देश्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर सभी स्टॉफ कार्य करें। राजनांदगांव शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसे केस में रिफर करें जहां कठिनाई महसूस हो। स्वास्थ्य सूचकांक को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने इस भर्ती प्रक्रिया के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को संविदा पदों के नियुक्ति के लिए आदेश वितरण किया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि आज डॉक्टर्स डे के दिन सभी 165 पदों पर भर्ती हुए सभी डॉक्टर्स एवं स्टॉफ को नियुक्ति आदेश पत्र प्रदान किया जा रहा है और यह उनके जीवन का महत्वपूर्ण मोड़ है। उन्होंने कहा कि आप सभी से यह अपेक्षा है कि आप जनसामान्य की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बीच आज दो डॉक्टर विधानसभा अध्यक्ष एवं कलेक्टर मौजूद है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डॉक्टर के तौर पर दरिद्र नारायण की सेवा की एवं राष्ट्र सेवा के लिए कार्य किया। उन्होंने 165 विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए कलेक्टर एवं उनकी टीम को बधाई दी।

महापौर मधुसूदन यादव ने 165 पदों पर निर्विवाद भर्ती के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी मानवता की सेवा के लिए कार्य करेंगे। शहरी स्वास्थ्य मिशन विधानसभा अध्यक्ष ने प्रारंभ किया था। जिसका परिणाम अब दिखाई दे रहा है। जिसके तहत जिले में 20 शहरी स्वास्थ्य मिशन केन्द्र संचालित है। जिसका लाभ राजनांदगांव शहर के जनमानस को मिलेगा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग में 165 पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्ती हुई है और आज स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से नियुक्ति की जा रही है। विगत 5 वर्षों में जिला स्तर पर व्यापक पैमाने पर इतनी बड़ी भर्ती पहली बार हुई है। राजनांदगांव एवं अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी इसमें शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जिले में जनसामान्य को राहत मिलेगी। यह भर्ती चुनौतीपूर्ण रही और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं डीपीएम की टीम ने निर्विवाद रूप से भर्ती के कार्य को संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि इससे जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड निर्माण में राजनांदगांव जिला प्रदेश में अग्रणी है। आयुष्मान वय वंदन कार्ड 50 से बढ़कर 80 प्रतिशत हो गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देते हुए जिले में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी और ईमानदारी से कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला सह. केन्द्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष सचिन बघेल, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, भावेश बैद, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डीपीएम संदीप ताम्रकार एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संवैधानिक तरीके से न्याय प्राप्त करना आज का उद्देश्य - गौर




राजनांदगांव (दावा)। फारवर्ड डेमोक्रेटिक लेबल पार्टी के शिव शंकर गौर द्वारा मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता आयोजित कर बताया कि उनके नेतृत्व में संवैधानिक संघर्ष के नए दौर की शुरुआत है। गौर जो कि बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कर्तव्य न्याय भागीदारी आंदोलन के संयोजक रह चुके हैं। ओजस्वी संघर्षशील एवं जनप्रिय व्यक्तित्व के रूप में लंबे समय से जनता के बीच सक्रिय हैं। बस्तर क्षेत्र के दौरे के पश्चात वहां की वस्तुस्थिति का अवलोकन करने के उपरांत उन्होंने यह पाया कि बस्तर जैगे समृद्ध क्षेत्र, जो कि जल, जंगल, जमीन एवं खनिज संपदा से परिपूर्ण है तथा संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आता है। वहाँ के निवासियों की सुध लेने वाला कोई राजनीतिक नेतृत्व नहीं है।

गौर ने यह स्पष्ट किया कि आज का संघर्ष 'डंडा-झंडा आंदोलन' का नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति हेतु एक जनजागरण एवं न्यायिक लड़ाई का है। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रति जनता को जागरूक करना एवं संवैधानिक विधियों से न्याय प्राप्त करना ही आज का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इन्हीं उद्देश्यों को लेकर फॉरवर्ड डेमोक्रेटिक लेबर पार्टी का गठन किया गया है। जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 अधिवक्ताओं की नियुक्ति की जा रही है, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता हेतु भटकना न पड़े। पार्टी का प्रमुख लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक न्याय की स्थापना करना है। उन्होंने कहा कि आज जनता जनप्रतिनिधियों को चुनती तो है, किंतु वे अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल सिद्ध होते हैं। जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष रखने की जिम्मेदारी निर्वाचित प्रतिनिधियों की होती है, किंतु वह कार्य आंदोलन के माध्यम से जनता को स्वयं करना पड़ता है। जिससे वे कानून व्यवस्था के नाम पर दमन का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने आज से एक नए संवैधानिक संघर्ष की शुरुआत होने की बात कही और कहा कि इस ऐतिहासिक पहल में सबका बंधुओं से सहयोग व समर्थन इस जनसंघर्ष को नई दिशा देगा।

# कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक जनसामान्य की सुनी शिकायत एवं समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, अतिक्रमण हटाने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शेयर मार्केट में ट्रेडिंग नहीं कर पाएंगे अधिकारी और कर्मचारी

**क्रिप्टोकरेंसी की खरीदी को सरकार ने माना अवचार**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के अधिकारी और कर्मचारी अब शेयर मार्केट में ट्रेडिंग नहीं कर पाएंगे। इंट्राडे, क्रिप्टोकरेंसी की खरीदी और फ्यूचर एंड आप्शन में ट्रेडिंग को सरकार ने अवचार के तौर पर माना है। ऐसे में अब यह अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए लेन-देन प्रतिबंधित होगा। इसको लेकर बाकायदा राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने इन्वेस्टमेंट के लिए शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और डिबेंचर्स में निवेश करने की ही अनुमति दी है।

# तेजकरण के अखबारों का संकलन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस हेतु प्रस्तावित



राजनांदगांव (दावा)। जैनाचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के 58वें मुनि दीक्षा दिवस के अवसर पर होटल राज इंपिरियल के पार्लियामेंट गैलरी में आचार्य श्री के समाधि (महाप्रयाण) के प्रकाशित समाचार वाले 12 भाषाओं के 609 अखबारों के संकलन की अनूठी प्रदर्शनी तेजकरण जैन द्वारा आयोजित की गई। यह प्रदर्शनी शहर के विशिष्ट नागरिकों की उपस्थिति में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस 2025 में इस संकलन को नामांकित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। संकलन की प्रामाणिकता एवं गणना पदमश्री डॉ. पुखराज बाफना, सबेरा संकेत संपादक सुशील कोठारी, होटल राज इंपिरियल के एमडी रोशन भाटिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। डॉ. बाफना ने इस अद्भुत संकलन को प्रमाणित कर रिकॉर्ड में नामांकन हेतु प्रस्ताव दिया। श्री कोठारी ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस कमेटी ने मृत्यु अभिलेख की श्रेणी में इस संकलन को सबसे बड़ा होना स्वीकार कर पंजीयन दिया है। संकलन कर्ता तेजकरण जैन ने हमारे संवाददाता को बताया कि पर्याप्त साक्ष्य एवं आवश्यक कार्यवाही पूर्ण होने के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस में नामांकन की पूर्ण संभावना है।

**स्थानांतरण सूचना**

काजल इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स जयस्तंभ चौक से दिल्ली दरवाजा नगर निगम काम्प्लेक्स में स्थानांतरित हो गई है।

ललित-परेश (विक्की) रायचा
मो.- 7000724699

# मन्नत के शेरों के नृत्य व चहल कदमी से शहर में बिखरी रौनक



बाजे-गाजे के साथ नाचते शेरों को देखने बच्चों का उमड़ा हुजूम

राजनांदगांव (दावा)। इस्लामी कैलेंडर के अनुसार अभी मुहर्रम का माह चल रहा है। इस महिने में शहर में मन्नती शेर देखने में आते हैं। इन दिनों शहर में जहां-तहां मन्नती शेरों दिखाई पड़ रहे हैं। धूमाल बाजा या डीजे साउण्ड सिस्टम के साथ नाचते इन मन्नती शेरों को देखने लोगों की भीड़ उमड़ रही है। खासकर बच्चों को इन मन्नती शेरों के पीछे-पीछे जाकर इनके नृत्य देखने में मजा आ रहा हैं। बताया जाता है कि मन्नती शेर किसी कामना के तहत शेर रंगते हैं। पेंटरों के पास जाकर अपने पूरे शरीर में पेंट लगावाते हैं और शेरों के जैसे सिर में बाल वाले टोप का साज व मूंह में शेरों जैसे मूछ और पीछे पूंछ लगाकर बाजे-गाजे के साथ नर्तन करते नजर आते हैं। किसी मन्नत के रूप में शेर रंगने की परंपरा बहुत पुरानी बताई जाती है। शेर रंगने के बाद मन्नती बाजे-गाजे के साथ आकर किसी दरगाह या मजार में पहले नर्तन करते हैं उसके बाद ही अपने घर-परिवार व इष्ट मित्रों के घरों में जाकर नृत्य करते हुए दान-दक्षिणा पाते हैं। इससे सबाब मिलता है कहा जाता है।

मन्नती शेर शहर में रानी सागर तालाब समीप स्थित अटल शाह दरगाह व गंज लाइन स्थित मांमा-भांजा मजार सहित मोती तलाब पार स्थित चांद सा वली के मजार में शेर मत्था टेकने अवश्य जाते हैं और अपने नृत्य का प्रदर्शन कर बाबा जी से अपनी मन्नत पूरी करने का याचना करते हैं। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ शेर नृत्य का जो जलवा बिखरता है, उसे लोग देखते ही रह जाते हैं।

बताया जाता है कि मुहर्रम के दस दिनों तक मन्नती शेरों का जलवा बना रहेगा। शहर के विभिन्न वार्डों व मुहल्लों में इन दिनों मन्नती शेरों के नाचने से शहर में रौनक बना हुआ है। इनके पीछे भीड़ का हूजूम चलने से भले ही रास्ता जाम हो जा रहे हैं, लेकिन लोग इन मन्नती शेरों के नर्तन का आनंद उठाने से नहीं चूक रहे। इससे शहर का माहौल में मन्नती शेर बना हुआ है। बाजे-गाजे की गूंज से ज्यादा तर बच्चे व आम लोग भी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला : अनिवार्य होगी 5वी-8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा, इस बार नहीं मिलेगी निजी स्कूलों को छूट

रायपुर। जिले के निजी स्कूलों को इस बार पांचवी-आठवीं की परीक्षा में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा। इसे लेकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा सत्र के आरंभ में ही आदेश जारी कर दिया गया है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 से पुनः पांचवी-आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षाओं की शुरुआत की गई थी। केंद्रीकृत परीक्षा संबंधित यह आदेश दिसंबर के बाद जारी हुआ। निजी स्कूल इसका विरोध करते हुए कोर्ट पहुंचे थे। उनका तर्क था कि केंद्रीकृत परीक्षा संबंधित जानकारी सत्र के प्रारंभ में नहीं दिए जाने के कारण छात्रों की तैयारी इसके अनुरूप नहीं कराई गई है। इसके आधार पर उन्हें परीक्षा में शामिल होने से छूट दी गई थी।

न्यायालय के आदेश पश्चात निजी स्कूलों के लिए व्यवस्था की गई कि वे अपनी इच्छानुसार केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल हो सकते हैं अथवा स्वयं ही अपने छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। प्रदेशभर के कुछ निजी स्कूल ही जिले स्तर पर आयोजित केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल हुए थे। वर्तमान सत्र में पुनः इस तरह की स्थिति उत्पन्न ना हो, इसलिए सत्र के प्रारंभ से ही केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी निजी व शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं के लिए सत्र के अंत में आयोजित होने वाली केंद्रीकृत परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य होगा।

बीते सत्र में हुई परीक्षा में 5वीं-8वीं के छात्रों के लिए यह व्यवस्था की गई थी कि यदि वे फेल हो जाते हैं तो भी उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। नए सत्र में उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण व्यवस्था को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है। केवल केंद्रीकृत परीक्षा को सबके लिए अनिवार्य किया गया है।

### छग बोर्ड से ही पढ़ाई

केंद्रीकृत परीक्षा नहीं होने के कारण प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे निजी विद्यालय हैं, जिन्होंने मान्यता सीजी बोर्ड की ली हुई है लेकिन अपने यहां सीबीएसई का पाठ्यक्रम संचालित करते थे। केंद्रीकृत परीक्षा की घोषणा होने के बाद इन स्कूलों ने पिछले सत्र में परीक्षा से कुछ दिन पहले ही पालकों को सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम से परीक्षा होने की सूचना दी थी। इसका पालकों द्वारा विरोध भी किया गया था। कई स्कूलों की शिकायत जिला शिक्षा कार्यालय में की गई थी। चूंकि अब केंद्रीकृत परीक्षा होगी, इसलिए छग बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने वाले विद्यालय को इसी बोर्ड में अध्यापन कराना होगा।

# 'कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए, 'आईएएस टॉपर्स से मिलिए' कार्यक्रम का 4 जुलाई को होगा आयोजन




- ० भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित अभ्यर्थी देंगे युवाओं को सही मार्गदर्शन
- ० कलेक्टर ने जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की

राजनांदगगांव (दावा)। युवाओं को भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए सही मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशन में यूपीएससी एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययन के स्तर, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु 'कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई को सुबह 11.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित आकश गर्ग, आदित्य विक्रम, सुश्री पूर्वा अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित धबानी द्वारा जिले के युवाओं को अध्ययन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे नेजिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं एवं विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com